17- JULY- BSP- PG-1_Layout 1 7/18/2024 12:18 AM Page 1

तापमान

अधिकतम 34.2 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 18 जुलाई 2024

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया



नेहरू नगर जाने वाली सड़क पर निर्माण सामग्री पड़ी हुई है। जिस जगह ये सामग्री पड़ी हुई है कभी वह साइकिल ट्रैक हुआ करती थी।

## खबर संक्षेप

### वन मंत्री कश्यप आज भैंसाझार का करेंगे निरीक्षण

**बिलासपुर।** वन मंत्री केदार कश्यप गुरुवार 18 जुलाई को अरपा भैंसाझार परियोजना का निरीक्षण करेंगे। वे सुबह 9.30 बजे रायपुर से कोटा के लिए रवाना होंगे। वे सुबह 11.30 बजे अरपा भैंसाझार पहुंचकर बैराज का निरीक्षण करेंगे। इसके साथ साथ निरीक्षण गृह का उद्घाटन व बैठक में शामिल होंगे। इसके बाद वे दोपहर 1.30 बजे रायपुर के लिए रवाना होंगे।



### भाजपा जिला कार्यसमिति की बड़ी बैठक आज

**बिलासपुर।** भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक 18 जुलाई गुरुवार की दोपहर 2 बजे तिफरा स्थित झूलेलाल मंगलम भवन में आयोजित की जाएगी। बैठक का उद्देश्य दिए गए कार्यक्रमों की समीक्षा, निकाय और पंचायत चुनाव व आगामी महीनों में होने वाले संगठन विस्तार पर केंद्रित होना अनुमानित है। जिला अध्यक्ष रामदेव कुमावत ने बताया कि यह जिला कार्यसमिति की विस्तारित बैठक है, बैठक की अपेक्षित श्रेणी में भाजपा राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य, भाजपा प्रदेश पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य,मोर्चा राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य,मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक, सहसंयोजक, सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक सहित अन्य को आमंत्रित किया गया है।

### डीपीएड-बीपीएड प्रवेश फिजिकल टेस्ट 22 से

**बिलासपुर।** शासकीय शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण महाविद्यालय पेण्ड्रा जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही के प्रभारी प्राचार्य व डीईओ जेके शास्त्री ने जानकारी दी है कि शिक्षा सत्र 2024-25 शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण महाविद्यालय पेण्ड्रा में डीपीएड व बीपीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए छत्तीसगढ़ के मूल निवासी उम्मीदवारों से 5 जुलाई 2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गए थे। आवेदन पत्रों की जांच के बाद शारीरिक दक्षता और साक्षात्कार के लिए पात्र व अपात्र अभ्यर्थियों के नाम की सूची सूचना पटल पर 13 जुलाई को चस्पा कर दिया गया है। प्रभारी प्राचार्य ने बताया कि पात्र अभ्यर्थियों से 22 जुलाई को सुबह 8 बजे से विभागीय पुरुष और महिला, 23 जुलाई को स्वाध्यायी पुरुष वर्ग व 24 जुलाई को स्वाध्यायी महिला वर्ग की शारीरिक दक्षता परीक्षा व साक्षात्कार चयन स्थल शासकीय शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण महाविद्यालय पेण्ड्रा में लिया जाएगा।

### डिवाइडर से रेलिंग हो रही चोरी



**बिलासपुर।** शहर की सड़कों के बीच बने डिवाइडरों को सुंदर बनाने और इसमें रोपे गए पौधों के सुरक्षा के लिए इसपर रेलिंग लगाई गई है, लेकिन अब इन रेलिंग पर चोरों की नजर पड़ चुकी है। पुराना बस स्टैंड, मंगला चौक, व्यापार विहार सहित अन्य मार्ग के डिवाइडरों पर लगी लोहे की रेलिंगों को अब चोर चोरी कर रहे हैं। इस पर न तो निगम प्रशासन कोई ध्यान दे रहा है न ही पुलिस प्रशासन। हालत यह है कि शहर के बीचों बीच व्यापार विहार और पुराना बस स्टैंड सड़क के डिवाइडरों से दर्जनों लोहे की रेलिंग चोरी हो चुकी हैं।

---

**सूखत के नाम पर हुआ पूरा खेल** | जहां धान की शार्टेज जांच में मिली उसकी रिकवरी के लिए 7 दिनों का अल्टीमेटम, 6 महीने बाद बाद भी 26 केन्द्रों से उठाव नहीं हो सका, 40 हजार क्विंटल धान जाम

# एक ब्लाक के 23 धान खरीदी केंद्रों से 10 करोड़ 27 लाख का धान गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले के मस्तूरी विकासखंड अंतर्गत आने वाले 23 धान खरीदी केंद्रों में 10 करोड़ 26 लाख 74170 रुपए के धान की शार्टेज जांच में पाई गई है, जिसकी रिकवरी अब विभाग के लिए सिर दर्द बन चुकी है। मामले में इन खरीदी केंद्रों में से एक गोंडाडीह सोसायटी के धान खरीदी प्रभारी और ऑपरेटर के खिलाफ में एफआईआर दर्ज कराने आदेश जारी कर दिए गए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार समर्थन मूल्य पर धान खरीदी वर्ष 2023-24 में बड़ी मात्रा में धान की खरीदी जिले में हुई है, जिसमें केवल एक विकासखंड क्षेत्र मस्तूरी की बात करें तो विभाग को 23 धान खरीदी केंद्रों में 10 करोड़ 26 लाख रुपए से अधिक की शार्टेज मिली है। इसे गड़बड़ी और लापरवाही मानते हुए विभाग ने अब रिकवरी की प्रक्रिया शुरू की है। फिलहाल सिर्फ एक धान खरीदी केंद्र गोंडाडीह के खरीदी प्रभारी और कम्प्यूटर ऑपरेटर के खिलाफ 1 करोड़ 53 लाख रुपए के धान की अनियमितता पर एफआईआर दर्ज कराने संबंधित बैंक को आदेश जारी किया गया है। इसी प्रकार क्षेत्र के 22 अन्य धान खरीदी केंद्रों में मिले शार्टेज को मिला कर कुल 10 करोड़ 26 लाख 74170 रुपयों की गड़बड़ी सामने आई है, जिसकी रिकवरी की जानी है।



**धान खरीदी के बाद उठाव है समस्या**

मामले में जब धान खरीदी केंद्रों से जानकारी ली गई तो उनका कहना था कि धान का उठाव यानी परिदान समय पर न होना मुख्य वजह रही, शार्टेज को लेकर पूर्व में ही सभी के द्वारा शासन प्रशासन को अवगत कराया गया था और समय पर धान का उठाव कराने मांग की गई थी, लेकिन समय पर उठाव न होने से यह समस्या खड़ी हुई है। जिले में जिम्मेदार अधिकारियों की सुस्ती के कारण खरीदी समाप्त होने के 6 महीने बाद बाद भी 26 केन्द्रों से उठाव नहीं हो सका है और 12 करोड़ रुपए से अधिक का 40 हजार क्विंटल धान जाम है।

### इन धान खरीदी केंद्रों में मिली शार्टेज

- सेवा सहकारी समिति गोड़ाडीह - 1 करोड़ 53 लाख (रुपयों में)
- सेवा सहकारी समिति भरारी - 76 लाख 63 हजार
- सेवा सहकारी समिति गतौरा- 94 लाख 29 हजार
- सेवा सहकारी समिति वेदपरसदा - 46 लाख 55 हजार
- सेवा सहकारी समिति टिकारी - 73 लाख 54 हजार
- सेवा सहकारी समिति एरमसाही - 70 लाख 61 हजार
- सेवा सहकारी समिति सीपत - 56 लाख 96 हजार
- सेवा सहकारी समिति ओखर - 62 लाख 68 हजार
- सेवा सहकारी समिति मल्हार - 53 लाख
- सेवा सहकारी समिति मस्तूरी - 50 लाख 35 हजार
- सेवा सहकारी समिति जैतपुर - 34 लाख 32 हजार
- सेवा सहकारी समिति जैतपुरी - 41 लाख 15 हजार
- सेवा सहकारी समिति मस्तूरी रिस्दा- 46 लाख
- सेवा सहकारी समिति पौड़ी - 28 लाख 39 हजार
- सेवा सहकारी समिति सोठी - 23 लाख 58 हजार
- सेवा सहकारी समिति मानिकचौरी - 24 लाख 33 हजार
- सेवा सहकारी समिति चिल्हाटी- 21 लाख 46 हजार
- सेवा सहकारी समिति धनिया खम्हरिया - 19 लाख 65 हजार
- सेवा सहकारी समिति जयरामनगर - 15 लाख 20 हजार
- सेवा सहकारी समिति विद्याडीह- 14 लाख 93 हजार
- सेवा सहकारी समिति भटचौरा - 12 लाख 41 हजार
- सेवा सहकारी समिति नरगोड़ा - 9 लाख 81 हजार
- सेवा सहकारी समिति बहतरा - 7 लाख 71 हजार

#### 7 दिन का दिया है अल्टीमेटम

जहां जहां धान की शॉर्टेज जांच में मिली है, उसके रिकवरी के प्रयास किए जा रहे हैं। जिसमें एक धान खरीदी केंद्र प्रभारी और ऑपरेटर पर एफआईआर के निर्देश दिए गए हैं, वही अन्य को भी 7 दिनों का अल्टीमेटम दिया गया है, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

- **मंजुलता पांडेय,** उप पंजीयक

#### किया जा चुका है उठाव

धान का उठाव शत प्रतिशत कर लिया गया है। इस साल 71 लाख क्विंटल धान की खरीदी हुई थी। इसमें से सिर्फ 40 हजार क्विंटल धान समितियों में है। किसी केन्द्र में 200 तो किसी में 400 क्विंटल ही बाकी है। इसे भी जल्द उठा लिया जाएगा। जिले की समितियों और मिलर के बीच सामंजस्य बिठाकर काम किया जा रहा है।

- **शंभू गुप्ता,** जिला विपणन अधिकारी

---

टेंगनमाड़ा के हैं मृतक, झोलाझाप डॉक्टर से करा रहे थे इलाज

# कोटा में मलेरिया का प्रकोप 2 बच्चों की मौत, 7 बीमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



कोटा क्षेत्र में मलेरिया का प्रकोप जारी है। दो दिन के अंदर ही मलेरिया के 7 मरीज सामने आए हैं। वहीं टेंगनमाड़ा में 2 बच्चों की मौत हो गई है। लगातार मलेरिया के मरीज मिलने से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। ऐसे में अब हेल्थ कैंप लगाकर डॉक्टर संदिग्ध गांवों में पहुंच वहां घरो-घर सर्वे और ब्लड सैंपल लेकर स्लाइड जांच करने में जुटे हुए हैं।

कोटा विकासखंड के ग्राम टेंगनमाड़ा निवासी दो बच्चों की मलेरिया के चपेट में आने से मौत हो गई है। इसमे एक बच्चे की उम्र 13 साल और दूसरे की 15 साल है। मिली जानकारी अनुसार टेंगनमाड़ा निवासी इमरान अली पिता जब्बार अली 13 वर्ष और इरफ़ान अली 15 वर्ष की तबियत पिछले कुछ दिनों से खराब थी। दोनों में मलेरिया के लक्षण थे, परिजन गांव के हि झोला छाप डॉक्टर से इनका उपचार करा रहे थे। इलाज के दौरान बुधवार को दोनों भाइयों की मौत हो गई। इधर कोटा ब्लॉक के अन्य गावों में फैले मलेरिया का सर्वे कर रहे अफसर दो बच्चों की मौत के बाद सकते में आ गए। आनन फानन में बच्चों का शव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटा लाया गया, यहां परिजनों ने मलेरिया से मौत होने के साथ ही झोलाछाप डाक्टर पर गलत इलाज का आरोप लगाया। हंगामें के बाद बच्चों के शव का पोस्टमार्टम गुरुवार को कराने का निर्णय लिया गया है।

#### पीएम से स्पष्ट होगा

टेंगनवाड़ा निवासी दो बच्चों की मौत हुई है। बच्चे कुछ दिनों से बीमार थे। गांव के झोलाछाप डॉक्टर से परिजन इलाज कर रहे थे। मृतकों के परिजन मलेरिया से मौत की आशंका जता रहे हैं। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद मौत के कारण का पता लग पाएगा।

**एनके गुप्ता,** बीएमओ कोटा

## 33 हजार मेडिकेटेड मच्छरदानी बांटने के बाद भी 7 मरीज सिम्स में भर्ती

मंगलवार को कोटा के टाटीडीह से मलेरिया के 4 मरीज जब सिम्स में भर्ती हुए तो स्वास्थ्य विभाग को पता चला, इससे पहले ये मरीज कोटा क्षेत्र के झोलाछाप डॉक्टर से ही इलाज करा रहे थे। गंभीर होने पर ये सिम्स में भर्ती हुए। इसके बाद बुधवार को स्वास्थ्य विभाग ने कोटा क्षेत्र के मलेरिया प्रभावित क्षेत्र में हेल्थ कैंप लगाया। इस दौरान जांच में 3 मलेरिया पॉजिटीव मरीज और मिले। वर्तमान में कुरदर बेलगहना निवासी शिवम पिता अमर सिंह 8 वर्ष, तीजन पिता मनहरण 9 वर्ष, करहीकछार निवासी हितेश यादव पिता रामायण यादव 33 वर्ष,टाटीधार निवासी मालती बैगा पति इंद्र कुमार 32 वर्ष और छुइहा कुरदर निवासी मनीषा बैगा पति प्रेम कुमार 18 वर्ष और एक 5 माह के बच्चे को सिम्स में भर्ती कराया गया है।

कोटा के जिन गांवों से मलेरिया के मरीज मिले हैं, वहां पिछले साल ही स्वास्थ्य विभाग ने 33 हजार मेडिकेटेड मच्छरदानी बांटने का दावा किया था। इसकी खरीदी लगभग 5 करोड़ रूपए की गई थी। इसके बाद भी लगातार कोटा क्षेत्र के दर्जनों गांव से मलेरिया के मरीज मिल रहे हैं।

**झोलाछाप डॉक्टरों से करा रहे थे इलाज, गंभीर होने पर सिम्स पहुंचे मरीज तो स्वास्थ्य विभाग को चला पता**



कोटा में जांच करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।



सिम्स में भर्ती मलेरिया के मरीज।



#### झोलाछाप दो गुनी रकम लेकर करते हैं इलाज

वैसे तो झोलाछाप फोड़ा-फुंसी या सिर दर्द जैसी बीमारी का इलाज करने के लिए भी अधिकृत नहीं है। लेकिन गांव के ग्रामीणों को यह बड़ा डॉक्टर बताकर ठग रहे हैं और स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। यह डॉक्टर मलेरिया, खांसी, सर्दी-जुकाम सहित कई बड़ी बीमारियों व दुर्घटना होने पर घायलों का इलाज भी करते हैं। भोली भाली जनता से पैसा वसूलने के लिए यह मरीज को भर्ती करके ड्रिप चढ़ाने, इंजेक्शन लगाने सहित घायलों को पट्टी करने और कई बार टांके लगाने तक के काम कर लेते हैं। ऐसे में पिछले कुछ दिनों से इनसे इलाज कराने के कारण कुछ मलेरिया के मरीज गंभीर भी हो गए हैं, जिन्हें सिम्स में भर्ती कराकर इलाज किया जा रहा है।

#### पीएचसी में लटकता रहता है ताला

ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बेहतर इलाज मिल सके इसके लिए चारों ब्लॉक में 5 सीएचसी और 44 पीएचसी की स्थापना की गई है। इसके अलावा छोटे-छोटे उप स्वास्थ्य केंद्र और आयुष्मान वेलनेस सेंटर भी खोले गए हैं, लेकिन ग्रामीण क्षेत्र के ज्यादातर पीएचसी में ताला लटक रहा है। इस क्षेत्र में मलेरिया के मरीज मिले है वहां के आमागोहन पीएचसी में एमबीबीएस डॉक्टर ही नहीं है। आरएमओ और दो-तीन स्टॉफ नर्स के भरोषे ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्था चल रहा है। ऐसे में एमबीबीएस डॉक्टर नहीं होने के कारण ग्रामीण झोलाछाप डॉक्टरों के पास जाने को मजबूर हैं।

#### प्रभावित क्षेत्र में करा रहे हैं जांच

जिन क्षेत्रों में मलेरिया के मरीज मिले हैं वहां हेल्थ कैंप का आयोजन किया जा रहा है। अब तक अलग-अलग गांवों से 7 मरीज मिल चुके हैं। गांवों में घरो-घर सर्वे कराया जा रहा है। एंटी लार्वा का भी छिड़काव हो रहा है। ब्लड सैंपल लेकर स्लाइड जांच करा रहे हैं।

- **डॉ. प्रभात** श्रीवास्तव सीएमएचओ

---

चांपा-कोरबा-कटघोरा सेक्शन में अंडर ब्रिज का काम

# 8 ट्रेनें 5 दिनों के लिए रद्द



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विकास कार्य के नाम पर एक बार फिर रेलवे ने 8 यात्री ट्रेनों को 5 दिन के लिए रद्द कर दिया है, वहीं 2 गाड़ियों को बीच रास्ते में ही समाप्त कर दिया है। ऐसे में ट्रेन से यात्रा करने वालों को एक बार फिर परेशानी का सामना करना पड़ेगा। जानकारी के अनुसार रेलवे प्रशासन अधोसंरचना विकास के सभी कामों को जल्द पूरा करने का प्रयास कर रहा है। ऐसे में अधोसंरचना विकास के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत चांपा और सारागांव रूट पर चांपा-कोरबा-कटघोरा सेक्शन पर अंडर ब्रिज निर्माण के लिए गर्डर लांचिंग के काम के चलते 5 दिन ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक लेकर काम कराया जाएगा। इसके कारण बिलासपुर-रायगढ़ और कोरबा मेमू सहित 8 ट्रेनों को रद्द किया जा रहा है। साथ ही दो ट्रेनों को बीच रास्ते में ही समाप्त किया जा रहा है।

#### रद्द होने वाली 8 गाड़ियां

19,20,29 जुलाई,4 व 8 अगस्त को 08736 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू स्पेशल रद्द रहेगी।

20,21,30 जुलाई,5 व 9 अगस्त को 08735 रायगढ़-बिलासपुर मेमू स्पेशल रद्द रहेगी।

20,21,30 जुलाई, 5 व 9 अगस्त को 08738 बिलासपुर- रायगढ़ मेमू स्पेशल रद्द रहेगी।

20,21,30 जुलाई 5 व 9 अगस्त को 08737 रायगढ़- बिलासपुर मेमू स्पेशल रद्द रहेगी।

20,21,30 जुलाई,5 व 9 अगस्त को 08734 बिलासपुर- गेवरा रोड मेमू स्पेशल रद्द रहेगी।

20,21,30 जुलाई 5 व 9 अगस्त को 08733 गेवरा रोड-बिलासपुर मेमू स्पेशल रद्द रहेगी।

20,21,30 जुलाई 5 व 9 अगस्त को 08732 बिलासपुर-कोरबा मेमू स्पेशल रद्द रहेगी।

20,21,30 जुलाई 5 व 9 अगस्त को 08731 कोरबा-बिलासपुर मेमू स्पेशल रद्द रहेगी।

#### बीच में समाप्त होने वाली गाड़ियां

20,21,30 जुलाई, 5 व 9 अगस्त को 08861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू स्पेशल बिलासपुर में समाप्त होगी। यह गाड़ी बिलासपुर-झारसुगुड़ा के मध्य रद्द रहेगी।

20,21,30 जुलाई 5 व 9 अगस्त को 08862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू स्पेशल बिलासपुर से ही गोंदिया के लिए रवाना होगी। यह गाड़ी झारसुगुड़ा-बिलासपुर के मध्य रद्द रहेगी।

# 11 साल से ड्यूटी से नदारद तखतपुर का पटवारी बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला कलेक्टर अवनीश शरण ने सरकारी दफ्तरों में ड्यूटी से लगातार गायब रहने वाले कर्मचारी, अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए हैं, जिस पर अमल शुरू हो गया है।

इसी के तहत तखतपुर तहसील कार्यालय का 11 साल से गायब पटवारी सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। तखतपुर के एसडीओ (राजस्व) ने पटवारी राजेश सिंह को 4 अगस्त 2013 से अस्वस्थ होने का कारण बताकर कार्यालय में उपस्थित नहीं होने पर सिविल सेवा नियम के अंतर्गत सेवा से पृथक करने के आदेश दिए।

गौरतलब है कि टीएल बैठक में कलेक्टर ने सरकारी दफ्तरों में लंबे समय से नदारद रहने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए थे। समीक्षा के दौरान 7 विभागों के 25 कर्मचारियों के लंबे समय से ड्यूटी पर उपस्थित नहीं होने की जानकारी सामने आई थी। इसके बाद कलेक्टर ने सभी विभागों के कार्यालय अधीक्षकों को 20 जुलाई तक ऐसे सभी कर्मचारियों की सूची के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए। माना जा रहा है कि सूची तैयार होने के बाद विभागों में थोक में कार्रवाई होगी।

---

**जनसमस्या निवारण शिविरों में आवेदन लेकर पहुंच रहे लोग, अब तक मिल चुके 13 आवेदन**

# 10 माह से अटके भवन नियमितीकरण के 4 हजार 800 मामले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम में भवन नियमितीकरण के लगभग 4 हजार 800 मामले पिछले 10 महीनों से अटके हुए हैं। इधर निगम के वार्डों में चल रहे जनसमस्या निवारण शिविरों में लोग भवन नियमितीकरण के संबंध में आवेदन लेकर पहुंच रहे हैं। अभी तक इस संबंध में 13 लोगों के आवेदन मिल चुके हैं, जिन्हें भवन शाखा को भेजा जा रहा है।

नगर निगम क्षेत्र में इन दिनों जनसमस्या निवारण शिविर हर वार्ड में लग रहा है। इसमें निगम से संबंधित मांग, समस्या व सुझाव संबंधी आवेदन आ रहे हैं। इसके साथ ही लोग भवन अनुमति, भवन नियमितीकरण के लिए आवेदन लेकर पहुंच रहे हैं। 10 जुलाई से शिविर शुरू हुआ है और अभी तक 13 आवेदन मिल चुके हैं। शिविरों में प्राप्त इन आवेदनों को निगम के भवन शाखा के पास भेजा जा रहा है। दूसरी तरफ भवन नियमितीकरण के लगभग 4800 मामले निगम में पिछले 10 महिनों से अटके हुए हैं। छग अनाधिकृत विकास का नियमितीकरण अधिनियम तहत कलेक्टर की अध्यक्षता में नियमितीकरण समिति बनी हुई है जिसमें नगर निगम कमिश्नर, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के ज्वाइंट डायरेक्टर शामिल हैं। इस नियमितीकरण समिति की बैठक पिछले साल 29 सितंबर को हुई थी, जिसमें लगभग 200 अवैध निर्माणों का नियमितीकरण हुआ था, उसके बाद विधानसभा चुनाव आ गया था। विधानसभा चुनाव निपटने के बाद भी सत्ता परिवर्तन एवं प्रशासन में फेरबदल, उठापटक के चलते नियमितीकरण समिति की बैठक ही नहीं हो पाई और उसके बाद लोकसभा चुनाव आ गया। ऐसे-तैसे नियमितीकरण समिति की बैठक नहीं हो पाई और निगम सीमा क्षेत्र के अनाधिकृत निर्माण के लंबित 4800 मामलों का निपटारा नहीं हो पाया है।

#### फरवरी में एक प्रकरण हुआ था नामंजूर

जेल की सुरक्षा संबंधी एक विशेष प्रकरण को लेकर 21 फरवरी 2024 को नियमितीकरण समिति की बैठक हुई थी। इसमें केन्द्रीय जेल के पीछे राजेन्द्रनगर एरिया में एक व्यक्ति द्वारा पांच मंजिला भवन का निर्माण अनाधिकृत रूप से करा लिया गया था। मकान मालिक की ओर से अनाधिकृत निर्माण के नियमितीकरण के लिए नगर निगम में आवेदन लगाया गया था। इस पर केन्द्रीय जेल प्रबंधन की ओर से जेल की चारदीवारी से ऊंची भवन से जेल की सुरक्षा को खतरा बताते हुए आपत्ति जताई गई थी। इसलिए नियमितीकरण समिति ने जेल की सुरक्षा को देखते हुए लोकहित में नहीं होने के कारण उक्त मामले में नियमितीकरण आवेदन को नामंजूर कर दिया था।

#### 4 हजार 651 अवैध निर्माणों का नियमितीकरण

नगर निगम में अनधिकृत विकास नियमितीकरण नियम के तहत अनधिकृत निर्माणों के नियमितीकरण के लिए जो मामले आए हैं, उनमें से 4 हजार 651 प्रकरण पास हुए हैं और उनका नियमितीकरण हो गया है। नियमितीकरण के लिए नगर निगम सीमा क्षेत्रों से थोक में आवेदन आए हैं, ज्यादातर आवेदन निगम के उन एरिया से आए हैं, जिन्हें बाद में शामिल किया गया है। नगर निगम में आवेदन जमा होने के बाद परीक्षण उपरांत नियमितीकरण की प्रक्रिया पश्चात टाऊन एंड कंट्री प्लानिंग भेजा जा रहा है और वहां से भवन स्वामियों द्वारा आवेदन के साथ डिमांड राशि जमा करने के बाद भवनों का नियमितीकरण होता है। इसके लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 14 जुलाई 2023 तक थी, जिसे एक माह के लिए बढ़ाया गया था और 12 अगस्त 2023 तक आवेदन लिए गए थे। इसमें नगर निगम सीमा अंतर्गत ही कुल 9 हजार 451 आवेदन आए थे।

#### जुलाई 2022 में आया था नियमितीकरण नियम

आवासीय व गैर आवासीय भवनों के नियमितीकरण के लिए 14 जुलाई 2022 को छत्तीसगढ़ अनाधिकृत विकास नियमितीकरण नियम आया था। इसके तहत पूर्व निर्मित हुए या अस्तित्व में आए अवैध निर्माण या भवन अनुज्ञा जो बिना अनुमति के निर्माण किए गए हैं तथा ऐसे भवन जिनका भूमि उपयोग परिवर्तन, पार्किंग अनुज्ञा से विपरीत हो उनका नियमितीकरण किया जाना है। इस नियम के आने के बाद नगर निगम द्वारा ऐसे निर्माण की पहचान कर संबंधित भवन स्वामी, दुकान, संस्थान संचालकों को नोटिस जारी कर उन पर कार्रवाई शुरू की गई, तब जाकर नियमितीकरण के लिए आवेदनों की ढेर लग गई।

#### नहीं हो पाई बैठक

अनाधिकृत विकास नियमितीकरण समिति की बैठक अभी नहीं हो पाई है। अभी तक करीब साढ़े चार हजार से अधिक अनाधिकृत विकास का नियमितीकरण हो चुका है और लगभग साढ़े चार हजार से अधिक मामले अभी लंबित हैं। भवन नियमितीकरण के संबंध में जनसमस्या निवारण शिविरों में आवेदन प्राप्त हो रहे हैं।

- **सुरेश शर्मा** भवन शाखा अधिकारी, नगर निगम

17- JULY -BSP- pg- 2_Layout 1 7/18/2024 12:19 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### भागवत कथा में भगवान कृष्ण-सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुन झूमे भक्त



**बिलासपुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. श्यामानंद वर्मा व पूर्वजों की स्मृति में अशोक रंजन के निवास गोंडपारा में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भागवताचार्य पं. पंकज भूषण मिश्रा श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का प्रसंग सुनाकर भक्तों को भाव विभारे कर रहे है। उन्होंने कथा के सातवें दिन कृष्ण के अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया। भागवताचार्य पं. पंकज भूषण मिश्रा ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए ये भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा से समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र से सखा सुदामा मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। उन्होंने द्वारपाल से कहा कि वे कृष्ण के मित्र हैं इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है। अपना नाम सुदामा बता रहा है जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना प्रभु सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया दोनों की ऐसी मित्रता देखकर सभा में बैठे सभी लोग अचंभित हो गए। कृष्ण सुदामा को अपने राज सिंहासन पर बैठाया हुआ। उन्हें कुबेर का धन देकर मालामाल कर दिया। कथा के साथ साथ सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। इस अवसर पर अशोक रंजन वर्मा, प्रताप रंजन वर्मा, संजय वर्मा, पूर्व महापौर विनोद सोनी, गुड्डू पांडेय, गुड्डा पांडेय, मुन्ना कौशिक, हरीश सक्सेना आशीष सक्सेना, अखिलेश दीक्षित, सौरभ राय, नन्नू श्रीवासन आदि उपस्थित थे।

### शिक्षकों की मांगों को लेकर सीएम से मिला टीचर्स एसो. का प्रतिनिधि मंडल



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर शिक्षक एलबी संवर्ग को उनके प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन देने व क्रमोन्नति वेतनमान प्रदान करने ज्ञापन सौंपकर चर्चा की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास में मिलकर चर्चा करते हुए प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने उन्हें अवगत कराया कि हमारे पूर्व के नियुक्त शिक्षक साथी बिना पेंशन के सेवा निवृत्त हो रहे हैं। संविलियन के समय से कुल सेवा के लिए 10 वर्ष पूर्ण नहीं होने के कारण वे पुरानी पेंशन के लिए पात्र नहीं हो रहे हैं, ये स्थिति 2028 तक सेवा निवृत्त होने वाले सभी शिक्षक एलबी संवर्ग के लिए होगा, ये अत्यंत दुखद है कि रिटायर होने वाले शिक्षक एल बी संवर्ग को न तो पुरानी पेंशन का लाभ मिल रहा है और न ही नए पेंशन का फायदा है, वे खाली हाथ घर बैठने मजबूर होते हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रतिनिधियों की पुरानी पेंशन सहित सभी विषय को गंभीरता से लेते हुए कहा कि सभी मांगों को दिखवाकर निर्णय लेंगे। प्रतिनिधिमण्डल में प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, सुधीर प्रधान, देवनाथ साहू, बसंत चतुर्वेदी, मनोज सनाढ्य, शैलेंद्र पारीक, योगेश सिंह ठाकुर, जितेंद्र मिश्रा आदि उपस्थित थे।

### कर्मचारी संघ के सकरी शाखा की नई कार्यकारिणी गठित, अरविंद बने अध्यक्ष




**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ शाखा सकरी की बैठक बुधवार को कर्मचारी भवन में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष की उपस्थिति में अरविंद गुप्ता को नई तहसील का अध्यक्ष बनाया गया। जिला शाखा अध्यक्ष राम कुमार एवं जिला सचिव किशोर शर्मा ने बताया कि शासन द्वारा सकरी को तहसील घोषित करने के बाद लगातार संघ का तहसील अध्यक्ष घोषित करने की चर्चा हो रही थी, जिसे दृष्टिगत रखते हुए सकरी क्षेत्र के सदस्यों एवं तहसील शाखा तखतपुर के अध्यक्ष हिमाचल साहू उपस्थिति में कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें अरविंद गुप्ता अध्यक्ष, शशि भूषण मेरा सचिव, रमेश कुमार कौशिक कोषाध्यक्ष, जलेश्वर प्रसाद साहू संगठन सचिव, आरके भोई वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डॉ योगेश्वर तिवारी, नरेंद्र शुक्ला, जय साहू सहसचिव, परितोष शर्मा घोषित किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कर्मचारियों के समस्याओं के निराकरण के लिए तत्परता से कार्यवाही करने सदैव आपके बीच उपस्थित रहूंगा।

### केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू का कर्मचारी संगठनों ने किया अभिनंदन



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू का सरकंडा खेल परिसर में अभिनंदन किया। साथ ही छत्तीसगढ़ आंगनबाड़ी सहायिका संघ ने भी शाल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह देकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर संगठन के देवेन्द्र पटेल, अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी महासंघ के कार्यकारिणी सदस्य एवं छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय संरक्षक, आरपी शर्मा जिला संरक्षक चंद्रशेखर पांडेय जिला अध्यक्ष, हेमलता भारद्वाज प्रांतीय अध्यक्ष छत्तीसगढ़ आंगनबाड़ी सहायिका संघ, कौशल कौशिक, अश्वनी तिवारी, प्रमोद भारद्वाज, डी आर श्रीवास , अश्विनी क्षत्रिय, आलोक सिंह क्षत्रिय कुलदीप टंडन, राम मूरत कौशिक, शिवचरण साहू विनोद शर्मा, सुरेंद्र दुबे, रश्मि ध्रुव, सुषमा वालिया, अर्पणा चौधरी, श्रद्धा कौशिक उर्मिला कौशिक, कुंती बाई श्रीवास, यशोदा चेलकर, रुक्मणी मानिकपुरी, गुलाब गेंदले, अजय मालवीय ,चंद्रकांत, वेदमती साहू, नरेंद्र पाठक,भरत लाल मार्को, उर्मिला कौशिक ,एस डी भारद्वाज , लाल चंद साहू, ममता भार्गव, किरण, रामराखी, छनना लहरे सहित कर्मचारी साथी उपस्थित थे।

---

**जर्जर मकानों में रहना मुश्किल** बारिश के दिनों में छतों से टपकता है पानी, कई मकानों की दीवारें भसक रहीं, लकड़ी का दे रहे टेका

# पुलिस लाइन व थानों के कंडम मकानों को तोड़कर 300 नए मकान बनाने भेजा प्रस्ताव



छत को गिरने से बचाने इस तरह लकड़ी का दे रहे टेका।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लंबे समय से पुलिस लाइन व थानों के पुराने कंडम मकानों में परिवार के साथ रहने वाले पुलिसकर्मियों को राहत मिलेगी, इनके लिए 300 नए मकान बनाने प्रस्ताव बनाकर पुलिस मुख्यालय भेजा गया है। आने वाले समय से पुराने कंडम मकानों को तोड़कर नए मकान बनाए जाएंगे।

पुलिस लाइन में स्थित अंधिकाश मकानों को कंडम घोषित कर दिया गया है। उसके बावजूद करीब 30 से 35 पुलिसकर्मी परिवार के साथ इन जर्जर मकानों में निवास कर रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी बारिश के मौसम में होती है। छतों से बारिश का पानी टपकता है। बारिश का पानी रोकने के लिए छप्पर में पालीथीन लगाना पड़ता है। वहीं कई मकानों की दीवार भसक रही है, जिसे लकड़ी का टेका लगाकर रोका गया है। इसके अलावा अधिकांश छत वाले मकानों का छज्जा टूटकर गिर गया और छड़ बाहर निकल गई। जान हथेली में रखकर पुलिसकर्मी जर्जर मकानों में रह रहे हैं। इसी तरह थानों में बने मकान भी जर्जर हो गए हैं। उनमें भी पुलिस कर्मी जुगाड़ लगाकर रह रहे हैं। एसपी रजनेश सिंह ने पुलिस व थानों के मकानों का जायजा लेने के बाद पुलिस लाइन व थानों में लगभग 300 नए मकान बनाने प्रस्ताव बनाकर पुलिस मुख्यालय भेजा है। प्रस्ताव पास होने के बाद जर्जर कंडम मकानों को तोड़कर नए मकान बनाए जाएंगे।





### तिफरा में 400 से अधिक मकान बने

पूर्व में तिफरा पुलिस लाइन में पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों के लिए हाईटेक 400 से अधिक मकान बनाए गए थे। तिफरा पुलिस लाइन के कंडम जर्जर मकानों में रहने वाले पुलिसकर्मियों को प्राथमिकता के आधार पर मकान का आबंटन किया गया था। इसी तरह ईदगाह चौक पुलिस लाइन के सामने व पेट्रोल पंप के पीछे जर्जर मकानों को तोड़कर नए मकान बनाए गए थे। जहां पुलिसकर्मी परिवार के साथ रह रहे हैं।

### 300 मकान बनेंगे

पुलिस लाइन व थानों के मकान जर्जर हो गए हैं। इन मकानों को तोड़कर 300 नए मकान बनाने के लिए प्रस्ताव बनाकर पुलिस मुख्यालय भेजा गया है। सभी पुराने जर्जर मकानों को तोड़कर नए मकान बनाए जाएंगे।

-रजनेश सिंह, एसपी

---

लाखों प्रमाण पत्र पेंडिंग लिस्ट में डाले गए तो कई रिजेक्ट भी कर दिए गए

# आदेश के बाद भी आय के एक लाख निवास के 60 हजार आवेदन नहीं बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश भर के पटवारी अपनी 32 सूत्रीय मांग को लेकर पिछले 8 दिनों से हड़ताल पर हैं। राजस्व पटवारी संघ की बेमियादी हड़ताल से आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र सहित पटवारियों से जुड़े सभी काम पूरी तरह प्रभावित हो गए हैं। प्रदेश भर में ही आय के एक लाख और निवास के 60 हजार आवेदन नहीं बन सके हैं।

- हड़ताल के कारण पटवारियों से जुड़े सभी काम पूरी तरह प्रभावित हो गए

हालांकि शासन ने आनलाइन रिकार्ड के आधार पर तहसीलदारों को उक्त प्रमाण पत्र जारी करने का निर्देश दिया है। इसके बाद भी वर्तमान में लाखों प्रामण पत्र अभी पेंडिंग लिस्ट में डाल दिए गए हैं। प्रदेश में आय के एक लाख 13540, मूल निवासी के 60 हजार 501, अनुसूचित जाति के 46 हजार 851, ओबीसी जाति के 47 हजार 375 प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे हैं। बिलासपुर जिले का आंकड़ा देखें तो करीब 1900 हजार आय, 1700 मूल निवासी, 622 एससी एसटी के जाति प्रमाण पत्र और 1688 ओबीसी के प्रमाण पत्र बनने को लंबित हैं।पटवारियों की अपनी मांगों के कारण हड़ताल जारी है। इससे राजस्व का काम प्रभावित हो रहा है। इससे खास तौर पर ग्रामीण, किसान और छात्र काफी परेशान हो रहे हैं। सीमांकन, नामांतरण आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, बंटवारा सहित 10 से अधिक प्रकार के काम पूरी तरह से प्रभावित हो गए हैं, जिस वजह से तहसील आ रहे ग्रामीणों को निराश होकर वापस लौटना पड़ रहा है। यह भी ध्यान रहे कि 6 से 20 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा मनाया जा रहा है और इसी बीच पटवारी हड़ताल पर चले गए हैं। इस शिविर में फौती, नामांतरण और बंटवारा जैसे प्रकरणों के निराकरण के लिए गांवों में शिविर लग रहे हैं लेकिन काम पर असर पड़ रहा है।

### इसलिए ज्यादा हो रहे हैं आवेदन

दरअसल इन दिनों स्कूल-कॉलेजों में एडमिशन की प्रक्रिया चल रही है, इस वजह से उक्त दस्तावेज बनाना जरूरी हो गया है। दूसरी ओर लोग पटवारी की तलाश में तहसील कार्यालय पहुंच रहे हैं, लेकिन उन्हें भटकना पड़ रहा है। जब तक पटवारियों की हड़ताल खत्म नहीं होगी, तब तक आम लोगों को तहसील कार्यालय में इसी तरह भटकना पड़ेगा। वहीं पटवारी संघ ने मांग पूरी नहीं होने तक हड़ताल समाप्त नहीं करने की ठान रखी है।

**फैक्ट फाइल**

| प्रमाण पत्र | लंबित | समय सीमा के बाद लंबित |
|---|---|---|
| आय प्रमाण पत्र | 113540 | 612 |
| मूल निवासी प्रमाण पत्र | 60501 | 1315 |
| अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र | 46851 | 667 |
| ओबीसी जाति प्रमाण पत्र | 47375 | 725 |

### निरस्त और वापस कर रहे आवेदन

ई-डिस्ट्रिक्ट से मिले डेटा के मुताबिक प्रमाण पत्र जारी तो नहीं किए जा रहे हैं, दूसरी ओर हजारों दस्तावेजों को रिजेक्ट कर दिया गया है। राजस्व अधिकारियों ने 52 हजार 491 आवेदन आय के, मूल निवास के 61 हजार 374, अनुसूचित जाति के एक लाख 20521 और ओबीसी जाति के 5 लाख 18256 आवेदन निरस्त कर दिए गए हैं। इसके अलावा इससे अधिक संख्या आवेदनों को वापस करने की भी है।

### आवेदन निरस्त नहीं किया जा सकता

सभी तहसीलदारों को आनलाइन रिकार्ड के आधार पर प्रमाण पत्रों को जारी करने का आदेश दिया गया है। बिना उचित कारण के किसी भी आवेदन को लंबित और निरस्त नहीं किया जा सकता। आदेश में लिखा गया है कि आय, निवास और जाति प्रमाण पत्र के लिए आवेदकों से ऐसे दस्तावेजों की मांग नहीं की जाएगी, जिसकी पूर्ति के लिए आवेदक को पटवारी के प्रतिवेदन पर निर्भर होना पड़े। यह निर्देश आगामी आदेश तक लागू रहेगा।


- रमेश शर्मा
संचालक, राजस्व विभाग

---

**70 वार्डों का परसिमन**

# जनसंख्या में वार्ड 69 क्षेत्रफल में 64 सबसे बड़ा

- आंकड़ों में जनसंख्या वार्ड 69 में 14 हजार 48, वार्ड 64 में 7 हजार 214




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम क्षेत्र के 70 वार्डों के परिसीमन के बाद जनसंख्या के दृष्टि से वार्ड नंबर 69 सबसे बड़ा हो गया है जहां की जनसंख्या 14 हजार 48 है, जबकि सबसे कम जनसंख्या वाला वार्ड नंबर 46 है, जहां 5 हजार 148 जनसंख्या है। वहीं क्षेत्रफल में देखें तो सबसे बड़ा 64 वार्ड महामाया नगर वार्ड है।

नगर निगम के 70 वार्डों का परिसीमन पश्चात क्षेत्रफल एवं जनसंख्या की दृष्टि से कौन सा वार्ड बड़ा हो गया है और कौन सा छोटा यह सामने आ गया है। सभी वार्डों में बिलासा दाई केवटिंन नगर वार्ड नंबर 69 जनसंख्या की दृष्टि से बड़ा हो गया है। इस वार्ड में कुल जनसंख्या 14048 है। यह वार्ड तारबाहर इंदिरा चौक रेलवे स्वागत द्वार से होकर तितली चौक मार्ग, रेलवे स्टेशन, गुरूनानक चौक तक फैला है। वहीं जनसंख्या की दृष्टि से वार्ड नंबर 46 गणेशनगर सबसे छोटा है जहां 5 हजार 148 जनसंख्या है। यह वार्ड फ्लाईओवर के नीचे रेलवे सीमा से प्रारंभ होकर तोरवा, गणेश नगर चौक तक फैला है। इसी तरह क्षेत्रफल में सबसे बड़ा एरिया महामाया नगर वार्ड 64 है जिसकी सीमा बिरकोना की उत्तरी सरहद चलकर ग्राम बैमा सीमा तक पूर्व की ओर चलकर नगोई सरहद तक, दक्षिण की ओर खमतराई सीमा, सरकंडा अशोक वाटिका के पीछे तक, आईएचएसडीपी मकान के उत्तर की ओर पीछे से चलकर सेंट्रल यूनिवर्सिटी की बाऊंड्री होकर तुर्काडीह बिरकोना बायपास संगम पर मिलती है। इसी तरह अगर क्षेत्रफल की दृष्टि से छोटे-छोटे कई वार्ड बने हैं, जिनमें वार्ड नंबर 6, वार्ड 20, वार्ड 26, वार्ड 32, वार्ड 31, वार्ड 34, वार्ड 35, वार्ड 39 आदि वार्ड शामिल हैं।

### परिसीमन को लेकर दो आपत्तियां

परिसीमन को लेकर अभी तक दो आपत्तियां आई हैं। इसमें एक आपत्ति कांग्रेस क पार्षद सीताराम जायसवाल द्वारा वार्ड क्रमांक 23 मदर टेरेसा वार्ड के संबंध में किया गया है। दूसरा सुझाव वार्ड क्रमांक 46 गणेश नगर में फदहाखार को शामिल करने के बारे में आया है और यह आवेदन गणेश नगर के शत्रुघन सिंह नेताम, प्रमोद कुमार, राजेश कुमार ने दिया है। बाकी जोन में अभी कोई आपत्ति नहीं आया है।

### अधिकांश वार्डों की औसत जनसंख्या 7 हजार निर्धारित

परिसीमन के लिए वार्डों की औसत जनसंख्या 7 हजार निर्धारित की गई है और अधिकांश वार्डों में 6 से 7 हजार के आसपास जनसंख्या है। कहीं-कहीं 5 हजार से अधिक तो कहीं-कहीं 8 हजार से ऊपर भी जनसंख्या है। वार्ड 21 गुरुघासीदास नगर में तो 10 हजार 90 की जनसंख्या है जो जनसंख्या की दृष्टि से बड़े वार्डों में दूसरे नंबर पर है।

---

## फेसबुक में दोस्ती, दो बच्चों की मां होने पर शादी से किया इनकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

फेसबुक में दोस्ती कर महिला से शारीरिक संबंध बनाना एक युवक को महंगा पड़ गया है। युवक महिला को युवती समझता रहा। बाद में उसे पता चला युवती तलाकशुदा और दो बच्चों की मां है। महिला ने शादी करने का दबाव बनाई तो उसने शादी करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है।



सरकण्डा पुलिस के अनुसार, सकरी क्षेत्र की एक महिला की 15 जून 2023 को सकरी बहतराई निवासी गौकरण साहू पिता रामाधार साहू 28 साल से सोशल मीडिया फेसबुक के माध्यम से दोस्ती हुई। उसके बाद दोनों मोबाइल से बातचीत करते रहे और उनके बीच प्रेम संबंध हो गया। युवक महिला को युवती समझकर सरकण्डा अशोकनगर स्थित होटल में लेकर गया और शादी करने का आश्वासन देकर शारीरिक संबंध बनाया। इसी तरह युवक महिला को कई बार उक्त होटल में ले जाता रहा। महिला ने शादी करने का दबाव बनाया तो युवक ने पतासाजी की। उसे जानकारी मिली कि महिला तलाकशुदा है और उसके दो बच्चे हैं। इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ और युवक ने शादी करने से इनकार कर दिया। महिला ने घटना की रिपोर्ट सरकण्डा थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर धारा 376, 2 के तहत युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### नाबालिग से अनाचार

रनतपुर पुलिस के अनुसार, इलाहाबाद निवासी शारदा प्रताप रतनपुर में किराए के मकान में रहकर प्राइवेट काम कर रहा है। उसके घर में एक 14 साल की नाबालिग लड़की का आना जाना था। पिछले दिनों नाबालिग बच्ची उसके घर आई तो उसने जोर जबरदस्ती कर शारीरिक संबंध बनाया। नाबालिग ने घटना की जानकारी परिजन को दी। पुलिस ने परिजन की रिपोर्ट पर शारदा प्रताप के खिलाफ धारा 376, 4, 5, 6 पाक्सो एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

**अरपा लबालब...**



बिलासपुर। बीते दिनों हुई बारिश के बाद अरपा में भी पानी का स्तर बढ़ने लगा है।

## निगम की टीम ने शनिचरी में की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम की अतिक्रमण शाखा टीम द्वारा बुधवार को शनिचरी बाजार में फिर कार्रवाई की गई। शनिचरी बाजार के दुकान वालों द्वारा सड़क पर रखे गए दुकान के सामानों को हटवाया और कुछ सामान की जब्ती भी की। शनिचरी बाजार में बार-बार कार्रवाई के बाद भी दुकान वाले बाहर सामान फैलाकर रखते हैं।

नगर निगम की टीम आज फिर से शनिचरी बाजार पहुंची थी, जहां पर दुकान वालों द्वारा अपने दुकानों के सामान सड़क पर फैलाकर रखा गया था, जबकि पिछले सप्ताह ही टीम द्वारा यहां पर दुकान वालों को चेतावनी दी गई थी। निगम की अतिक्रमण शाखा की टीम ने सड़क पर अतिक्रमण कर रखे गए सामानों को हटवाया और सामान की जब्ती की। इसके पहले भी निगम द्वारा शनिचरी बाजार में कार्रवाई करते हुए 12 दुकानों के बांस, तालपत्री वाले शेड को हटाया गया था। इसी तरह बिना अनुमति के नियम विरूद्ध निर्माण के कारण दो दुकानों को सील कर दिया गया था। नगर निगम द्वारा कार्रवाई करते हुए दुकान के बाहर अवैध रूप से सामान रखने वाले लगभग 40 दुकानदारों को निगम की टीम ने अंदर रखवाते हुए उन दुकानदारों को चेतावनी दी गई थी कि बाहर रखने पर सामान जब्त कर लिया जाएगा। इसके अलावा 55 दुकानदारों को निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने नोटिस दिया गया था। दुकानदार दुकान के बाहर अपना सामान रखते हैं और बांस-बल्ली से शेड बनाए हुए हैं, जिसकी वजह से ट्रैफिक में व्यवधान उत्पन्न होता है और लोगों को आवागमन में परेशानी होती है।

- सड़क से हटाए गए दुकानों के सामान

## एसईसीएल अधिकारी से मारपीट 11 दिन बाद दर्ज हुई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गाड़ी खड़े करने को लेकर युवकों ने एसईसीएल अधिकारी के साथ जमकर मारपीट कर दी। इस मामले में 11 दिन बाद पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, राजकिशोरनगर निवासी अमृत तिवारी पिता रामप्रवेश तिवारी एसईसीएल में सहायक प्रबंधक हैं। 6 जुलाई की शाम 4.30 बजे वे अपनी पत्नी नेहा तिवारी के साथ कार क्रमांक सीजी 10 बीटी, 2665 से व्यापार विहार गए थे। उन्होंने अपनी कार बैंक आफ बड़ौदा के सामने पार्किंग स्थल पर पार्क कर दिया और बैंक के काम से अंदर चले गए। काम पूरा करके वे बैंक से बाहर निकले तो उनकी कार के पीछे दूसरी कार क्रमांक सीजी 04 एनएल, 1316 खड़ी कर चालक कहीं चला गया था, जिससे उनकी कार नहीं निकल पा रही थी। कुछ देर बात कार का चालक आया तो उन्होंने उसे कार हटाने के लिए कहा। इससे वह आक्रोशित होकर गाली गलौज करने लगा। उसके बाद उनके कार के दरवाजा को जोर धक्का मारकर श्री तिवारी से मारपीट करने लगा। इसी बीच उनके साथी आ गए और जान से मारने की धमकी देकर डंडा से मारपीट करने लगे। उनकी पत्नी डा. नेहा तिवारी ने बीच बचाव करने गईं तो उनके साथ भी मारपीट की गई।

मजेदार बात यह है कि सिविल लाइन पुलिस ने 11 दिन बाद श्री तिवारी की रिपोर्ट पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5 , 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### जांच के बाद हुई एफआईआर

प्रार्थी श्री तिवारी ने मारपीट कर सोने की चेन लूटने व पत्नी से छेड़खानी करने का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी। सीसीटीवी फुटेज देखने पर केवल मारपीट करना पाया है। जांच के बाद मारपीट का मामला दर्ज किया गया है।

-प्रदीप आर्या
सिविल लाइन टीआई

---

**अयानवीर सिंह सहित 2 महिला खिलाड़ियों को पुरस्कार से नवाजा**


## फाउंडेशन एकेडमी के तीन खिलाड़ियों को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ का अवार्ड सेरेमनी बीते दिनों रायपुर में किया गया, जिसमें अंडर 14 से लेकर रणजी ट्रॉफी में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्लेयर्स को साल के सबसे बेहतर खिलाड़ी के अवार्ड एवं सम्मान राशि से सम्मानित किया गया।

इसी कड़ी में बिलासपुर के महाराणा चौक स्थित फ्लड लाइट क्रिकेट अकादमी के 3 शानदार खिलाड़ियों को भी अवार्ड से नवाजा गया, जिसमें सबसे पहले अकादमी के होनहार खिलाड़ी अयानवीर सिंह भाटिया हैं, जिन्होंने अंडर 14 राजसिंह डुंगूर ट्रॉफी में जबरदस्त अलराउंड प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ की तरफ से सबसे ज्यादा रन बनाए और इस वर्ष का अवार्ड अपने नाम किया। वही फाउंडेशन की अंडर 19 की महिला खिलाड़ी तानिया बेरिया ने विमेंस 20-20 बोर्ड के टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने का अवार्ड अपने नाम किया। इनके अलावा साक्षी शुक्ला ने अंडर 19 में एकदिवसीय टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ के लिए सबसे ज्यादा विकेट लिए और अवार्ड अपने नाम किया। इस तरह छत्तीसगढ़ के अवार्ड सेरेमनी में फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी के खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मान राशि से नवाज़ा गया। खिलाड़ियों को मिले सम्मान के लिए फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी के चेयरमेन प्रिंस भाटिया ने हर्ष व्यक्त किया और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।





### व्यापारियों ने लंगर कर दिया भाईचारे का संदेश

**बिलासपुर।** मोहर्रम पर मुस्लिम समाज द्वारा निकाली गई ताजिए का तारबाहर नाका में व्यापारियों ने स्वागत किया। इस दौरान उनके सम्मान में लंगर का आयोजन कर भाईचारे का संदेश दिया। रिचर्ड एंथोनी ने लंगर बांटा। कार्यक्रम में जोसफ एंथोनी, कमलेश कुमार, राम, आलोक, निखिल, शिव, डॉ उजाला तराण्डे सहित अन्य व्यापारियों ने सहयोग कर आपसी भाईचारे का संदेश दिया।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, गुरुवार 18 जुलाई 2024
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255

## एजुकेशन अपडेट

### व्यापमं ने विभिन्न पदों के लिए लिखित भर्ती परीक्षा की संभावित तिथियां जारी

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा विभिन्न पदों की भर्ती परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन व्यापम की वेबसाइट पर आमंत्रित किए गए थे, जिसके लिए लिखित भर्ती परीक्षा के लिए संभावित तिथियां घोषित कर दी गई हैं। इनमें सहायक ग्रेड-3, एचएजी-23 छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के लिए 28 जुलाई को सुबह, प्रयोगशाला सहायक, एफडीएलटी-24 राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला के लिए 25 अगस्त सुबह एवं प्रयोगशाला तकनीशियन, एफडीएलटी-24 राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला के लिए 25 अगस्त संध्या को परीक्षा आयोजित की जाएगी।

#### अनुसूचित जाति विकास की परीक्षा 15 को

इसी तरह छात्रावास अधीक्षक, टीएचएस-24 श्रेणी 'द' आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास की परीक्षा 15 सितंबर सुबह, प्रयोगशाला तकनीशियन, एचईएलटी-24 उच्च शिक्षा संचालनालय 29 सितंबर सुबह, मत्स्य निरीक्षक (एफएफआई-24) संचालनालय मछली पालन विभाग 29 सितंबर संध्या, सहायक सांख्यिकी अधिकारी (केएएसएल-23) संचालनालय कृषि की परीक्षा 20 अक्टूबर सुबह एवं प्रयोगशाला सहायक (केएएसएल-23) संचालनालय कृषि की परीक्षा 20 अक्टूबर संध्या को आयोजित की जाएगी।

## जॉब अलर्ट

### इंडियन आर्मी शॉर्ट सर्विस कमीशन भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू



**बिलासपुर।** भारतीय सेना की ओर से शॉर्ट सर्विस कमीशन,एसएससी टेक के लिए नोटिफिकेशन जारी कर भर्ती का ऐलान किया गया है। अधिसूचना जारी होने के साथ ही इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 16 जुलाई 2024 से शुरू हो गई है, जो निर्धारित अंतिम तिथि 14 अगस्त तक जारी रहेगी।भर्ती में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी एप्लिकेशन फॉर्म इंडियन आर्मी की ऑफिशियल वेबसाइट joinindian-army.nic.in पर जाकर भर सकते हैं। फॉर्म भरने से पूर्व उम्मीदवार पात्रता की जांच अवश्य कर लें।इस भर्ती के माध्यम से कुल 381 रिक्त पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। इसमें से शॉर्ट सर्विस कमीशन 64 (पुरुष) के अंतर्गत कुल 350 पदों पर, शॉर्ट सर्विस कमीशन 35 (महिला) के 29 पदों में भर्ती की जाएगी।

#### 27 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए उम्र

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से इंजीनियरिंग डिग्री उत्तीर्ण की हो। जो अभ्यर्थी इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष या अंतिम सेमेस्टर में अध्ययनरत हैं, वे भी इस भर्ती में भाग ले सकते हैं। इसके साथ ही अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 20 वर्ष से कम और 27 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। आयु की गणना 1 अप्रैल 2025 के अनुसार की जाएगी। आवेदन से पहले अभ्यर्थी एक बार आधिकारिक नोटिफिकेशन का अवलोकन अवश्य कर लें।

### पोस्ट ऑफिस में 44 हजार डाक सेवकों के लिए भर्ती शुरू

भारतीय डाक विभाग ने 44 हजार से अधिक ग्रामीण डाक सेवकों की भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया सोमवार 15 जुलाई से शुरू कर दी है। इस भर्ती के लिए आवेदन ऑनलाइन मोड में आधिकारिक वेबसाइट, **indiapostgdsonline.cept.gov.in** पर स्वीकार किए जा रहे हैं। पहले दिन इस वेबसाइट पर आवेदन में तकनीकी कारणों से यूजर्स को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। हालांकि अब इन्हें दूर करते हुए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित अंतिम तिथि 5 अगस्त तक अप्लाई कर सकते हैं। उम्मीदवारों को ध्यान देना चाहिए कि भारतीय डाक विभाग ने ग्रामीण डाक सेवकों की भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया के 3 चरण बनाए हैं - पंजीकरण, आवेदन और भर्ती शुल्क का भुगतान। इन तीनों ही चरणों के लिए लिंक को पोर्टल पर एक्टिव कर दिया गया है। आवेदन शुल्क 100 रुपए निर्धारित है, जिसका भुगतान ऑनलाइन माध्यमों से करना होगा। हालांकि, सभी वर्गों की महिला उम्मीदवारों के साथ-साथ **SC/ST**, दिव्यांगों और ट्रांसवूमेन कटेगरी के आवेदकों को शुल्क नहीं भरना है।

---

श्याम भगवान का फूलों से हुआ अलौकिक श्रृंगार, गाए गए भजन

# देवशयनी एकादशी पर निकली निशान, दिण्डी यात्रा

देवशयनी एकादशी पर शहर में विविध आयोजन हुए। घोंघा बाबा मंदिर परिसर बिलासपुर धाम में स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में देवशयनी एकादशी बड़े भक्ति भाव से मनाई गई। इस दौरान राममंदिर तिलकनगर से बाजे-गाजे के साथ निशान तो राममंदिर तिलकनगर में दिण्डी यात्रा निकाली गई।



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एकादशी के मद्देनजर श्री श्याम मंदिर में सुबह मंगला आरती के बाद प्रभु श्याम का भव्य अलौकिक श्रृंगार किया गया। देशी, डच, बेंगलौर के गुलाब और हैदराबाद के पीले गेंदे से प्रभु का श्रृंगार किया गया। लगभग 71 मालाओं से प्रभु को सजाया गया। श्रृंगार के बाद भगवान के दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। आज की सेवा में विशेष रूप से प्रभु की शैय्या को बदला गया और नए वस्त्र के साथ शैय्या लगाई गई।



#### दिण्डी यात्रा में रही भक्तों की भीड़

राम मंदिर तिलकनगर से बुधवार शाम को दिण्डी यात्रा निकाली गई जो कि देहनकर बाड़ा, हनुमान मंदिर, बिट्ठल मंदिर, व्यंकटेश मंदिर, श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर, सीताराम मंदिर, राजाराम मंदिर गोंड़पारा, हटरी चौक होते हुए अन्य मंदिरों को दर्शन देने के बाद राम मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। यहां भगवान की आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। इस यात्रा में भाग लेने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। इस मौके पर श्री राममंदिर समिति के सदस्य एवं श्रद्धालु भारी संख्या में उपस्थित थे। ज्ञात हो कि आषाढ़ी एकादशी के मौके पर महाराष्ट्र में एक अलग ही धूम देखने को मिलती है। इस त्योहार पर महाराष्ट्र के हर कोने से भक्त दिंडी जात्रा का हिस्सा बनते हैं और पंढरपुर में विट्ठल के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इस यात्रा में शामिल होने वाले हर भक्त की यही इच्छा होती है कि फिर उन्हें मानव जीवन में इस धरती में आना पड़े ताकि वे विट्ठल की भक्ति कर सके।





#### श्री हरि विष्णु चले गए शयन में

शास्त्रों के अनुसार एकादशी से भगवान श्रीहरि 4 मास के शयन में चले जाते हैं। देव शयन होने की वजह से कोई भी मांगलिक कार्य नहीं होते हैं। इन चार मास जिन्हें चातुर्मास कहा जाता है, में योगी संत एक ही स्थान पर रहकर उपासना करेंगे। वहीं जगत की सत्ता भगवान शिव और उनके परिवार के पास रहते हैं।



#### की गई खुशहाल जिंदगी की कामना

श्री राम मंदिर तिलक नगर से निकली निशान यात्रा देवकीनंदन चौक, सदर बाजार, गोल बाजार होते हुए दरबार पहुंचीं। जिसमें भक्तों ने अपनी अर्जी लगाकर प्रभु से खुशहाल जीवन की प्रार्थना की। रात्रि में आयोजित भजन संध्या में भक्तों ने भजनों की प्रस्तुति देकर अपने इष्ट की सेवा की। साथ ही शयन पर आधारित भजन गाए गए। भक्तों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष ने निशान की संख्या बढ़ाने का निर्णय लेकर भक्तों के भाव को आगे बढ़ाया। अंत में मंदिर परिसर में महाआरती, राजभोग आदि के साथ प्रसाद वितरण हुआ।

---

लायंस क्लब द्वारा अटल विश्वविद्यालय में वृहद पौधारोपण

## 33 फीसदी भू-भाग में वन आवश्यक : कुलपति

**बिलासपुर।** लायंस क्लब और अटल बिहारी वाजपेई विश्व विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में कोनी स्थित परिसर में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि कुलपति डॉ एडीएन बाजपेई ने कहा कि वेदों में भी अनेक श्लोक में पर्यावरण व प्रकृति की संरक्षण की बात कही गई है। हम सभी का दायित्व है कि संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम और भारत सरकार की वन नीति के अनुरूप 33% भूभाग में वन होना आवश्यक है। लायन अरविंद दीक्षित ने अपने उद्बोधन में पौधारोपण को वर्तमान समय की आवश्यकता पर जोर दिया। स्वाति दीदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि पर्यावरण मानव के जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है, इसे संभाल कर रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन अध्यक्ष लायंस क्लब बिलासपुर के शैलेश बाजपेई ने किया उन्होंने अपने उद्बोधन में वृक्षों को मानव जीवन का प्राण तत्व कहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अटल बिहारी वाजपेई विश्व विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ मनोज सिन्हा और डीन डॉ एच एस होता का विशेष योगदान रहा। मुख्य रूप से, मनजीत सिंह अरोरा, असित पाल जुनेजा, देवेन्द्र टुटेजा, कमल छाबड़ा, सुभाष अग्रवाल, राम सिंह स्वर्णकार , निलेश गुप्ता, निशेष वर्मा, उमेश अग्रवाल, श्रीकांत सहारे, नवीन अग्रवाल, सुषमा सिंह, श्वेता शास्त्री, एम आशा साथ ही अटल बिहारी वाजपेई विश्व विद्यालय बिलासपुर के अधिकारी गण, उपकुलसचिव नेहा राठिया मौजूद थे।



#### इनकी रही सहभागिता

कार्यक्रम में अटल विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अतिरिक्त जेपी वर्मा महाविद्यालय, बिलासा कन्या महाविद्यालय, पी एन एस महाविद्यालय, डीएल एस कालेज, इंडियन स्कूल के रासेयो के स्वयं सेवक और कार्यक्रम अधिकारी की सहभागिता रही। इसके साथ ही कार्यक्रम में लायंस क्लब बिलासपुर के साथ साथ अन्य क्लब के भी लायंस सदस्य उपस्थित थे।

#### अरपा अर्पण महाअभियान ने बिलासाताल तक लगाए पौधे



### कृषि छात्रों ने किया वृहद पौधरोपण

अरपा अर्पण महाअभियान के तहत कृषि महाविद्यालय लोधीपारा से बिलासा ताल तक पौधरोपण किया गया। इस जन आंदोलन में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं और अभियान से जुड़े सदस्यों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत कृषि महाविद्यालय लोधीपारा से हुई, जहां छात्रों ने पौधरोपण के महत्त्व पर अपने विचार साझा किए। इसके बाद सभी प्रतिभागियों ने मिलकर बिलासाताल तक के मार्ग में विभिन्न वानिकी पौधे लगाए। इस अवसर पर अभियान के संयोजक ने कहा पौधरोपण पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें अपनी धरती को हरा-भरा बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। एक पेड़ अरपा मां के नाम अभियान में लगभग 400 वानिकी पौधों का रोपण किया गया। इस आयोजन में कृषि महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक देवराज, सूर्यकांत वर्मा, सौभाग्य नागर, राहुल धाकड़, अमन शर्मा, आधव सिंह, महेश कुमार, विभव सिंह, बेदराम वर्मा का योगदान रहा।

---

## लेह-लद्दाख के लिए निकली डॉ सुषमा ने की यात्रा पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा चलाए गए अभियान चेतना से प्रभावित होकर लेह-लद्दाख की यात्रा पर निकली शहर की डॉ सुषमा पंडया अपनी यात्रा पूरी कर लौट रहीं हैं। अभी वे मनाली पहुंच गई हैं। 24 जुलाई तक शहर पहुंच जाएंगी।

श्रीमती पंडया ने बताया कि अपने इस यात्रा के दौरान उन्होंने पूरे भारत में चेतना अभियान के साथ ही जनसेवा है संकल्प, बाल शिक्षा, महिला सुरक्षा एवं सशक्त नारी सशक्त भारत के नारा और उद्देश्य को प्रसारित किया। उनका उद्देश्य इस अतुलनीय अभियान द्वारा लोगों में जनजागरण लाना है। उन्होंने बताया कि वे रास्ते भर ग्रुप में लोगों को चेतना अभियान के बारे में बताती गई। जिसे सभी ने खुश होकर ध्यान से सुना। झांसी, जालंधर, पंजाब और बनिहाल पुलिस के साथ मिलकर भी चेतना अतुलनीय भारत सुरक्षित भारत के बारे में जानकारी दी।

#### विश्व के सबसे ऊंचे रोड पर फहराया चेतना का झण्डा




#### वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने में रही सफल

डॉ पंड्या बाइक से उमलिंगला पास लद्दाक पहुंच कर चेतना का झंडा फहरा कर विश्व की सबसे अधिक उम्र 63 वर्ष में सबसे ऊंचे रोड पर पहुंचने वाली पहली महिला बन गई है। वहीं वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बना लिया है। आज तक 63 वर्ष की कोई भी महिला उमलिंगला पास जो विश्व में सबसे अधिक ऊंचाई 19024 फीट पर स्थित है, नहीं पहुंच पाई है। डॉ सुषमा के साथ उनके दोनों बेटे प्रियांश पंडया 23 वर्ष और आयुष पंडया 22 वर्ष भी रहे।

---

18 को दुर्ग में चयनित खिलाड़ी स्पर्धा में होंगे शामिल

# 6 खिलाड़ियों का चयन स्टेट अंडर-19 कूच बिहार एवं वीनू मांकड़ ट्रॉफी कैंप में

स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा चयनित अंडर-19 स्टेट कैंप के लिए बिलासपुर से 6 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। जिसमें अदित्य श्रीवास्तव ,अंकित कुमार, धनंजय नायक, ओम वैष्णव, उपेंद्र कुमार यादव और विवेक यादव शामिल हैं।

स्पोर्ट्स न्यूज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

क्रिकेट संघ द्वारा इस वर्ष भी अंडर-19 का डिस्ट्रिक्ट एलिट की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया गया था, जिसके पश्चात ही चयनकर्ताओं द्वारा खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखते हुए छत्तीसगढ़ स्टेट अंडर-19 कैंप के लिए खिलाड़ियों का चयन राज्यों के अलग-अलग जिलों से किया गया है जिसमें बिलासपुर के 6 खिलाड़ी हैं। सभी खिलाड़ियों को 18 जुलाई को दुर्ग के होटल सागर इंटरनेशनल में सुबह 10 बजे रिपोर्टिंग करना है और उसी दिन दोपहर 12 बजे से भिलाई के सेक्टर 10 मैदान में अंडर 19 स्टेट कैंप आयोजित किया जाएगा। सभी चयनित खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ अंडर 19 स्टेट स्किल कैंप में चयन होने पर छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के सचिव मुकुल तिवारी क्रिकेट संघ बिलासपुर के अध्यक्ष नवीन जाजोदिया ,सचिव विंटेश अग्रवाल, देवेंद्र सिंह, अनुराग बाजपाई, सुशांत राय, आलोक श्रीवास्तव, महेंद्र गंगोत्री, रितेश शुक्ला, आशीष शुक्ला, ओपी यादव, दिलीप सिंह, राजेश शुक्ला ,कमल घोष ,टी साई कुमार, डॉ अशोक मेहता, डॉ वैभव ओटत्तलवार, डॉ आर डी पाठक , राजुल जाजोदिया, भूपेंद्र पांडे, सैलेश सैमुअल, अपूर्व भंडारी, प्रवीण कुमार,फिरोज अली, अभिषेक सिंह,अभ्युदय कान सिंह, शेख अल्फाज, महेश दत्त मिश्रा , अभिनव शर्मा , सोनल वैष्णव मोहम्मद जाकिर और मोईन मिर्जा ने बधाइयां एवं अच्छे प्रर्दशन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।








17- JULY -BSP- pg- 4_Layout 1 7/18/2024 12:10 AM Page 1





# 'बजरंगी भाईजान' के नौ साल पूरे निर्माताओं ने जारी किया वीडियो

**नई दिल्ली।** 'बजरंगी भाईजान' 17 जुलाई 2015 को रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने अपनी रिलीज को नौ साल पूरे कर लिए। इस खास मौके पर फिल्म को बनाने वाली कंपनी सलमान खान फिल्म्स ने बरजंगी भाईजान के कुछ पर्दे के पीछे दृश्य फैंस के साथ साझा किए। इसके साथ कैप्शन में लिखा, 'हम बजरंगी भाईजान के नौ साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, ऐसे में हम आपको बजरंगी भाईजान के पर्दे के पीछे (बीटीएस) एक्शन से पहले और कट के बाद हुई पागलपन भरी मस्ती के पलों के साथ पुरानी यादों में ले चल रहे हैं।' इस बीटीएस वीडियो में फिल्म के कलाकारों को मस्ती मजाक करते हुए देखा जा सकता है।

## लाइफ Style

# दीपिका



## परोसी थाली दिखाकर दिए डाइटिंग टिप्स

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री दीपिका पादुकोण इन दिनों अपना पूरा ख्याल रख रही हैं। रखना भी चाहिए, आखिर नई जिम्मेदारी जो निभानी है। दीपिका गर्भवती हैं और इन दिनों अपनी सेहत और खानपान का ध्यान रख रही हैं। सोशल मीडिया पर भी भरपूर समय बिता रही हैं और अपने फैंस को भी बीच-बीच में सलाह दे देती हैं।

दीपिका ने अपने फैंस को खानपान संबंधी कुछ टिप्स दिए हैं और साथ ही संतुलित आहार का महत्व बताती दिखी हैं। दीपिका पादुकोण ने इंस्टाग्राम पर खाने के कुछ आइटम्स की तस्वीरें साझा की हैं। इनमें समोसा है, मिठाई है, केक और आइसक्रीम जैसी चीजें भी हैं। इसके साथ उन्होंने लिखा है, 'क्या आप मेरे फीड पर यह देखकर हैरान हैं? खैर, मैं ये सब खाती हूं! और मैं अच्छे से खाती हूं! जो कोई भी मुझे जानता है, उससे पूछिए। इसलिए आप जो कुछ भी सुनते या पढ़ते हैं, उस पर विश्वास न करें'। दीपिका ने आगे लिखा, 'लेकिन इसकी ट्रिक क्या है? बैलेंस, स्थिरता और अपने शरीर की सुनना। ऐसा लगता है कि 'डाइट'शब्द को लेकर बहुत सी गलतफहमियां हैं। हम अक्सर मानते हैं कि 'डाइट'का मतलब है भूखा रहना, कम खाना और वो सब खाना जिनसे हमें नफरत है। लेकिन, 'डाइट'का मतलब हकीकत में यह है कि कोई व्यक्ति जो भी खाना और पेय पर्दार्थ लेता है। यह शब्द वास्तव में ग्रीक शब्द 'डायटा' से आया है, जिसका अर्थ है 'जीवन जीने का तरीका'। दीपिका ने आगे लिखा, 'जहां तक मुझे याद है, मैंने हमेशा 'संतुलित आहार'का पालन किया है। और यह मेरे लिए 'जीवन जीने का एक तरीका' है। मैंने कभी भी ऐसा आहार नहीं अपनाया है, जिसका मैं लगातार पालन न कर सकूं या जो एक सनक बन जाए।

## हॉलीवुड मसाला



# फिल्म क्वार्टर की योजना का अनावरण

**लंदन।** कैमडेन फिल्म क्वार्टर नामक विकास परियोजना के तहत लंदन में नए फिल्म और टीवी स्टूडियो बनाने की योजना का अनावरण किया गया है। लंदन बरो ऑफ कैमडेन के केंटिश टाउन में साउंडस्टेज, नेशनल फिल्म एंड टीवी स्कूल कैंपस, और घरों और कार्यस्थलों की योजना है। कैमडेन फिल्म क्वार्टर एक ऐसी जगह होगी, जिसमें सुविधाएं, आवास और सार्वजनिक स्थान होंगे। इसमें फिल्म और टीवी मुख्य होंगे। साथ ही इंडस्ट्री के लिए कई स्टूडियो और स्थान होंगे।



# स्ट्रेंजर थिंग्स 5 शो में हुई नए कलाकारों की एंट्री

**लॉस एंजिलिस।** नेटफ्लिक्स ने स्ट्रेंजर थिंग्स के आगामी पांचवें सीजन को लेकर एक नया ऐलान किया है। दिग्गज ओटीटी प्लेटफॉर्म की ओर से पांचवें सीजन के लिए तीन और कलाकारों के नाम पर मुहर लगा दी गई है। शो में नेल फिशर, जेक कोनेली और एलेक्स ब्रेक्स जल्द ही अपनी अदाकारी का जादू बिखेरते हुए नजर आएंगे। साथ ही, नेटफ्लिक्स ने शो के पर्दे के पीछे के वीडियो के जरिए इन तीनों कलाकारों और लिंडा हैमिल्टन की झलक भी साझा की है। पांचवें सीजन की लगभग आधी शूटिंग खत्म हो चुकी है। जारी किए गए वीडियो में सीजन 4 के फिनाले में हुई भयावह घटना के बाद के कुछ सुराग दिए गए हैं। वीडियो में हॉकिन्स हाई स्कूल जिसमें, शो के मुख्य किरदार पढ़ते हैं, वह काफी हद तक बरकरार दिख रहा है।



# ये सात फिल्में कर दी थीं रिजेक्ट

**नई दिल्ली।** कैटरीना कैफ अपना 41वां बर्थडे मना रही हैं।। वहीं इन दिनों वह प्रेग्नेंसी रुमर्स के चलते सुर्खियों में हैं। लेकिन फिल्मी करियर की बात करें तो वह उन एक्ट्रेसेस में से एक हैं, जिन्होंने बॉलीवुड में कई हिट फिल्में दी। इनमें नमस्ते लंदन से लेकर जिंदगी ना मिलेगी दोबारा और एक था टाइगर जैसी फिल्में हैं। 17 साल के करियर में उन्होंने कई फिल्में रिजेक्ट कीं। लेकिन सात ऐसी फिल्में, जिन्हें रिजेक्ट ना करती तो कटरीना कैफ का रुतबा कुछ अलग ही था। इस लिस्ट में 300 करोड़ से ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है। पहली फिल्म चेन्नई एक्सप्रेस, दूसरी फिल्म बर्फी, तीसरी फिल्म रामलीला, चौथी फिल्म ये जवानी है दीवानी, पांचवी फिल्म बाजीराव मस्तानी, छठी फिल्म गुंडे, सातवीं फिल्म हाफ गर्लफ्रेंड है, जिसमें श्रद्धा कपूर औऱ अर्जुन कपूर लीड रोल में थे। लेकिन इससे पहले कटरीना कैफ को फिल्म ऑफर हुई थी।



# राघव जुयाल की विलेनगिरी ने जीता सबका दिल

**नई दिल्ली।** कल्कि 2898एडी को टक्कर देने 12 दिन पहले यानी 5 जुलाई को किल रिलीज हुई थी। एक्शन थ्रिलर मूवी में डेब्यू कर रहे एक्टर लक्ष्य और राघव जुयाल नजर आ रहे हैं। जैसा कि आप जानते हैं राघव जुयाल को बॉलीवुड फिल्में और डांस रियलिटी शोज में कॉमेडी को लेकर काफी फेमस हैं। वह किल में विलेन के रोल में नजर आ रहे हैं। इसे दर्शक भी काफी पसंद कर रहे हैं। इसी बीच मेकर्स ने रीमेक को लेकर अपडेट दिया और निखिल नागेश भट निर्देशित फिल्म 'किल' के भारतीय रीमेक के बारे में चल रही अटकलों को साफ किया है। धर्मा प्रोडक्शन ने स्टेटमेंट ने जारी करते हुए लिखा, 'हमारी फिल्म किल के रीमेक को लेकर हाल ही में चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए हम पुष्टि करते हैं कि केवल अंग्रेजी भाषा के रीमेक के अधिकार बेचे गए हैं।

# इन अभिनेत्रियों का अभिनय देख दर्शकों ने पीटा माथा

## ओवरएक्टिंग के हर पायदान पर आईं अव्वल

**मुंबई।** बॉलीवुड हसीनाओं के लाखों-करोड़ों में चाहने वाले होते हैं। इनके फैंस इनकी एक झलक पाने के लिए उत्सुक दिखाई देते हैं। कई लड़कियां इन अभिनेत्रियों के स्टाइल को भी कॉपी करना पसंद करती हैं। ये हसीनाएं फिल्मों में अपने किरदार को रियल दिखाने के लिए कड़ी मेहनत करती हैं। इसके बावजूद भी कई बार फैंस इनके अभिनय को ओवरएक्टिंग का टैग दे देते हैं। इंडस्ट्री में कई मशहूर अभिनेत्रियां, जिनकी एक्टिंग देखकर दर्शकों ने अपना माथा पीट लिया है। इसके चलते कई बार ये ट्रोलर्स के निशाने पर भी आ जाती हैं।



### सारा अली खान

बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान का नाम इस लिस्ट में पहले नंबर पर आता है। सारा ने फिल्म केदारनाथ से बॉलीवुड में कदम रखा था। सारा को भी उनके अभिनय प्रदर्शन के लिए कई बार ट्रोलर्स के निशाने पर आना पड़ गया है। यूजर्स सारा को ओवरएक्टिंग का टैग दे चुके हैं।


### करीना कपूर खान

बॉलीवुड में बेबो के नाम से मशहूर करीना कपूर खान की फिल्मों के लोग दीवाने हैं। अपनी शानदार अदाकरी से करीना फैंस के दिलों पर राज करती हैं। हाल में करीना क्रू में नजर आई थीं। मगर दर्शकों ने करीना की भी कई फिल्मों में उनके अभिनय को ओवरएक्टिंग करार दिया है।



### जान्हवी कपूर

अभिनेत्री जान्हवी कपूर का नाम इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर आता है। जान्हवी कई फिल्मों में अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेर चुकी हैं। अभिनेत्री के फैशन और उनके स्टाइल के लोग दीवाने हैं। मगर अभिनय के में जान्हवी भी कई बार ट्रोल हो चुकी हैं। उनकी कई फिल्मों में दर्शकों ने उनके अभिनय को ओवरएक्टिंग बताया है।





### अनन्या पांडे

अभिनेत्री अनन्या पांडे भी अपने अभिनय प्रदर्शन को लेकर कई बार ट्रोलर्स के निशाने पर आ चुकी हैं। सोशल मीडिया पर नेटीजन्स उनकी एक्टिंग को ओवरएक्टिंग का बता चुके हैं। वह आखिरी बार फिल्म खो गये हम कहां में नजर आई थीं।



### तारा सुतारिया

अभिनेत्री तारा सुतारिया का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। तारा ने फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से बॉलीवुड में कदम रखा था। अभिनेत्री की तस्वीरें और स्टाइल फैंस को काफी पसंद आता है। तारा सुतारिया की एक्टिंग के मामले में कई दर्शक ओवरएक्टिंग का टैग दे चुके हैं।

# जया के लिए बारिश में छाता पकड़े नजर आए अमिताभ

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन की एक तस्वीर इस वक्त सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है, जिसमें वह पत्नी जया बच्चन के लिए बारिश में छाता पकड़े नजर आ रहे हैं। फैंस अमिताभ के इस जेस्चर की खूब तारीफ कर रहे हैं, पर उन्हें जया का रवैया पसंद नहीं आ रहा है। कुछ यूजर्स ने तो इस पर सवाल भी करने शुरू कर दिए। 81 वर्षीय अमिताभ बच्चन ने एक्स पर एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वह पत्नी जया बच्चन के सिर पर छाता पकड़े हुए नजर आ रहे हैं। साथ में लिखा है, 'हर रोज बारिश हो रही है। यहां तक कि सेट पर काम पर भी।' तस्वीर में जया हाथ में लड्डू पकड़े हैं और चेहरे पर उदासी नजर आ रही है।' इस तस्वीर पर जहां फैंस ने प्यार लुटाया और अमिताभ बच्चन की तारीफ की, वहीं यूजर्स को जया बच्चन का ऐसा अंदाज रास नहीं आया। यूजर्स ने सवाल किया कि जया हमेशा गुस्से में क्यों रहती हैं? वह इस तस्वीर में गुस्से में क्यों हैं? एक यूजर ने कमेंट किया, 'मैडमजी हमेशा गुस्से में क्यों रहती हैं?' एक और यूजर ने लिखा है, 'जीरो से लेकर शोहरत के चरम तक, हर पुरुष की



यही हालत है।' एक अन्य यूजर ने लिखा है, 'जया जी का मूड ऑफ क्यों रहता है?अमिताभ बच्चन और जया बच्चन की शादी को 51 साल हो चुके हैं। दोनों ने जून 1973 में शादी की थी। जया जब नातिन नव्या नवेली नंदा के पॉडकास्ट में आई थीं, तो उन्होंने निजी जिंदगी को लेकर कई खुलासे किए थे।

# फिल्मों में नहीं करेंगी काम



**नई दिल्ली।** इलियाना डिक्रूज अपनी पर्सनल लाइफ पर ध्यान देने के लिए फिल्मों से दूर रह रही हैं। खास तौर पर अपने बेटे कोआ फीनिक्स डोलन के साथ ज्यादा समय बिताने और उन्हें अच्छी परवरिश देने के लिए इलियाना ने काम से ब्रेक के बारे में सोचा। इलियाना एक मां के रूप में अपनी जिंदगी के नए फेज को अपना रही हैं और सही समय आने तक लाइमलाइट से दूर रहना चाहती हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर आस्क मी एनीथिंग (एएमए) सेशन के दौरान यह खुलासा किया. पिछले साल अगस्त में अपने पार्टनर माइकल डोलन के साथ एक बेटे की मां बनीं इलियाना फिलहाल अपने करियर से ज्यादा अपने परिवार को प्रायौरिटी दे रही हैं। हाल ही में एएमए सेशन के दौरान एक फैन ने उनसे फिल्मों में वापसी के बारे में पूछा। इलियाना ने जवाब दिया, 'जब सही समय आएगा तब आप मुझे फिल्मों में देख पाएंगे, फिलहाल मैं अपने बेटे को अपना समय देना चाहती हूं।' उन्होंने अपनी नींद के शेड्यूल के बारे में भी अपडेट शेयर किया। बताया कि अब जबकि वह एक फुलटाइम मॉम हैं। 'बर्फी' एक्ट्रेस ने एक फैन के कहने पर अपने पति माइकल के साथ एक फोटो भी शेयर की। उन्होंने तस्वीर को कैप्शन दिया, 'प्री-बेबी बेबीज।'

# रानी चटर्जी ने मरून कुर्ते में किया कमाल का डांस



**नई दिल्ली।** बड़की बहू छोटकी बहू की एक्ट्रेस रानी चटर्जी की चर्चा इन दिनों हर ओर है। उनकी भोजपुरी फिल्म बड़की बहू छोटकी बहू यूट्यूब पर फैन्स का खूब दिल जीत रही है। उनकी अगली फिल्म दीदी नंबर वन का ट्रेलर भी रिलीज हो गया है। इस बीच भोजपुरी एक्ट्रेस रानी चटर्जी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह मरून कुर्ते में किसी मनोहर पार्क या फिर सेट पर नहीं बल्कि टूटी फूटी बालकनी में डांस कर रही हैं। इस वीडियो में भोजपुरी क्वीन का डांस बहुत ही कमाल का है और फैन्स के भी काफी मजेदार कमेंट आ रहे हैं। भोजपुरी एक्ट्रेस रानी चटर्जी ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें वो हिंदी गाने बदमाश दिल तो ठग है बड़ा गाने पर डांस करती दिख रही हैं। उन्होंने एक सिंपल सा मरून कुर्ता पहना हुआ है। बाल भी पीछे की तरफ बहुत सिंपल तरह से टाई किए गए हैं। मेकअप और दूसरी एसेसरीज भी ना के बराबर हैं। लेकिन रानी चटर्जी ने सारा कमाल अपने एक्सप्रेशन और अपने डांस से किया है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) मुंगेली, जिला मुंगेली ( छत्तीसगढ़ )**

**:: ईश्तहार ::**

राजस्व प्रकरण क्रमांक .... अ-2/2023-24
ग्राम - मुंगेली मन-01,
तहसील व जिला मुंगेली

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कुलदीप सिंह पिता संतोष सिंह, निवासी परमहंस वार्ड मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम मुंगेली मन-01 स्थित भूमि ख.नं. 188/46 रकबा 0.009हे/990 वर्ग फीट का आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने संबंधी आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में यदि किसी को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे अपना दावा/आपत्ति पत्र स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 30.07.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 03.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी ( रा. )**
**मुंगेली ( छ.ग. )**

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 859/अ-6-अ/2023-24
ग्राम- उस्लापुर तहसील -सकरी, जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्याम लाल जांगड़े, पिता स्व. पिलऊ ग्राम उस्लापुर तहसील सकरी जिला बिलासपुर के द्वारा मौजा उस्लापुर स्थित भूमि खसरा नंबर 240 रकबा 0.1010 हेक्टेयर भूमि है। आनलाईन बी-1 एवं खसरा में आवेदक के पिता का नाम पिलऊ के स्थान पर मिलऊ हो गया है जो कि त्रुटिपूर्ण है। जिसे सुधार कर पिता का नाम पिलऊ करने के संबंध में आवेदन पत्र न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तखतपुर को प्रस्तुत किया गया है जो इस कार्यालय में जांच - प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 23/7/24 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 08/7/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार, सकरी**

**न्यायालय नायब तहसीलदार लालपुर थाना, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

ई. कोर्ट-20240425060002/अ-19/2023-24
ग्राम मोहतराकुर्मी प.ह.नं. 23
तहसील लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.)

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती शोभादेवी पति स्वतंत्र कुमार कुलमित्र निवासी ग्राम मोहतराकुर्मी तहसील लालपुर थाना द्वारा मान. कलेक्टर महोदय मुंगेली के न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम मोहतराकुर्मी प.ह.नं. 23 तहसील लालपुर थाना में स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 10, 11 रकबा क्रमशः 0.401 हे. (पार तालाब), 1.238 हे. (तालाब) कुल रकबा 1.639 हे. भूमि को शासकीय भूमि मद घांस खसरा नंबर 402/1 ग, 402 / 1 घ, 402 / 1 च रकबा क्रमशः 1.032, 0.405, 0.089 हे. कुल रकबा 1.526 हे. भूमि से तबादला करना चाहती है।

उपरोक्त तबादलानामा के संबंध में किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 25.07.2024 को स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थि होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
लालपुर थाना, जिला मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ /वाचक/ अति-कले/2024,
बिलासपुर, दिनांक 4.07.2024

श्री जसवीर सिंह आत्मज श्री सर्वजीत सिंह उम्र 22 वर्ष निवासी छोटी कोनी जी.जी.यू. गेट के सामने कोनी थाना कोनी तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं कुमारी अंजली पटेल आत्मजा श्री राजूराम पटेल उम्र 21 वर्ष निवासी छोटीकोनी महराज पारा थाना कोनी तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनाँक 12.08.2024 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।



जसवीर सिंह



अंजली पटेल

**अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**

17-JULAY-REGNOL-pg- 5 COMAN_Layout 1 7/17/2024 11:52 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### भाजपा कार्यसमिति की बैठक आज

**मुंगेली।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यसमिति की बैठक गुरुवार को जिला भाजपा कार्यालय में उद्घाटन सत्र में संभागीय प्रभारी अनुराग सिंह देव वहीं समापन सत्र में पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पुन्नूलाल मोहले उपस्थित रहेंगे। जिला भाजपा अध्यक्ष शैलेश पाठक ने बताया कि जिला भाजपा कार्यसमिति की बैठक अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय में गुरुवार को प्रातः 11.30 बजे से होगी। बैठक का शुभारंभ संभागीय प्रभारी अनुराग सिंह देव, उद्घाटन सत्र में विधायक पुन्नूलाल मोहले एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में करेंगे। समापन सत्र में पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल करेंगे।

### जपं में कांउसलिंग और चयन प्रक्रिया आज

**तखतपुर।** जनपद पंचायत में 18 जुलाई को प्रातः 10 बजे से प्लास्टिक इंजीनियरिंग के क्षेत्र में 6 माह का प्रशिक्षण हेतु कांउसलिंग और चयन प्रक्रिया जनपद सभाकक्ष में की जाएगी। प्रशिक्षण रायपुर भनपुरी में दिया जाएगा जिसमें खाने और ट्रेनिंग पूर्ण करने वालों की व्यवस्था निःशुल्क रहेगी। इस प्रशिक्षण के लिए योग्यता 10वीं पास, आईटीआई डिप्लोमा, स्नातक, आधार कार्ड, फोटो और निवास प्रमाण पत्र है आयु 18 से 21 वर्ष है प्रशिक्षण समाप्त होने के पश्चात प्रमाण पत्र दिया जाएगा। प्लास्टिक के क्षेत्र में मशीन आपरेटर तथा लेब में नौकरी भी उपलब्ध करायी जाएगी। ट्रेनिंग 18 जुलाई से सीपेट रायपुर उरकुरा रेल्वे स्टेशन के पास इंडस्ट्रीज में दिया जाएगा।

### श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ 28 से

**तखतपुर।** श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 28 जुलाई से 4 अगस्त तक भरतपुरी सिद्ध बाबा आश्रम राजपुर में आयोजित है। मुख्य यजमान शीला अभियुदय तिवारी एवं कथा वाचक पं उर्वशी महराज गुड़ी वाले आचार्य शिव कुमार शुक्ला है। यह जानकारी राजकुमार तिवारी, जीतू तिवारी ने दी है।

### प्रतिभावान छात्रों का सम्मान



**तखतपुर।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल फुलवारी के मेधावी छात्रों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में सीबीएसई बोर्ड के टॉपर प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले छात्रों ने कक्षा बारहवीं व कक्षा दसवीं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किए व परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की है। जिसमे कक्षा 12 वी में प्रथम - अंकुर धुरी, द्वितीय - सानिया खांडेकर, तृतीय - डिंपल घिंडोरे, 10 वी प्रथम - रंजित बांधले, द्वितीय - करुणा जांगड़े, तृतीय - मुकेश पटेल इन छात्रों को फिजिकल वाला प्रतिभावान ने सम्मानित करके समाज में एक संदेश दिया है कि छात्रों की प्रतिभा को हर स्तर पर सम्मानित किया जाता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में फिजिक्स वाला के टीम बिलासपुर के टीम शामिल हुए। इसके साथ डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल फुलवारी के प्रिंसिपल गौरव राजपूत ने सभी प्रतिभावान छात्रों को प्रोत्साहित किया।

### बारिश को देखते हुए स्वच्छता दीदियों को रेनकोट व साड़ी वितरित



**पेंड्रा।** बरसात के मौसम में शहर को स्वच्छ रखने वाली स्वच्छता दीदियों को बारिश में परेशानी न हो इसलिए पेण्ड्रा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष राकेश जालान ने रेनकोट के साथ साथ नई साड़ी का वितरण किया। स्वच्छता दीदियों ने बताया कि बरसात में रेनकोट नहीं होने की वजह से शहर की स्वच्छता व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न होता है। रेनकोट मिलने से अब बारिश होने पर भी साफ सफाई व्यवस्था को सुचारू रूप से शुरू रखेंगे। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी कन्हैया निर्मलकर, उप अभियंता स्वप्निल मिश्रा, जितेंद्र द्विवेदी, सुशील श्रीवास्तव सहित नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों सहित सभी स्वच्छता दीदियां उपस्थित थीं।

## निधन

### सूर्यकांत जोशी



**बिलासपुर।** विद्युत नगर तिफरा निवासी सूर्यकांत जोशी का 17 जुलाई को निधन हो गया। वे 60 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 18 जुलाई को दोपहर 3 बजे तिफरा स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे वह बिजली विभाग के रिटायर कर्मचारी अनिल जोशी के छोटे भाई और श्रीजीत के पिता थे।

### मूलचंद गोयल



**बिलासपुर।** लिंगियाडीह निवासी मूलचंद गोयल का 17 जुलाई को निधन हो गया। वे 78 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा 18 जुलाई को उनके निवास से दयालबंद मुक्तिधाम के लिए सुबह 11 बजे निकलेगी। वे रामू गोयल, श्यामू गोयल व प्रेमी गोयल के पिता थे।

### रमाकांत शुक्ला



**जांजगीर चांपा।** नवागढ़ ब्लाक अंतर्गत ग्राम केरा के रमाकांत शुक्ला का बुधवार 17 जुलाई को निधन हो गया। वे 62 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार 18 जुलाई को महानदी तट केरा में किया जाएगा।

### अमोली कौशिक



**तखतपुर।** ग्राम बोडसरा (हिर्री) निवासी अमोली कौशिक उम्र 95 वर्ष का बुधवार को निधन हो गया। वे बहोरन कौशिक के बड़े भाई और गोविंद के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार के गृहग्राम बोड़सरा में किया गया।

---

### मतदाता अभिनंदन समारोह में भाजपा नेताओं ने जताया जनता का आभार

# आभारी हूं जनता का, जिन्होंने दिलाई बड़ी जीतः साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेलतरा

बेलतरा विधानसभा अंतर्गत सरकंडा स्थित खेल परिसर में भारतीय जनता पार्टी ने मतदाता अभिनंदन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में ग्रामीण मध्य और शहरी क्षेत्र के मतदाताओं और कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

- बेलतरा में आयोजित समारोह में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री सहित भाजपा के दिग्गज नेता

कार्यक्रम के प्रमुख अभ्यागत केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि बेलतरा की जनता का मैं बहुत ही आभारी हूं, जिन्होंने मुझे अपने विधानसभा क्षेत्र से एक बड़े अंतर से विजयी बनाया। साठ साल बाद ऐसा अवसर पहली बार आया जब किसी पार्टी को अपने काम के आधार पर लगातार तीसरी बार दिल्ली की सत्ता में सरकार बनाने का मौका मिला। ऐसा ऐतिहासिक परिणाम आपके परिश्रम और पार्टी के प्रति निष्ठा के फलस्वरूप प्राप्त हुआ है। श्री साहू ने कहा कि दिल्ली की नरेन्द्र मोदी की नेतृत्व वाली सरकार ने विगत दस वर्षों में लोगों के जीवन संवारने का काम किया। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन पर काम किया। गरीब जनता के लिए शौचालय उपलब्ध कराया। जनधन खाते के माध्यम से डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर कर हितग्राहियों को बिचौलियों से मुक्ति दिलाया। देश की गृहणियों के निः शुल्क उज्वला गैस सिलेंडर योजना बनाई। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी ने कहा कि आपके प्रयासों से देश और प्रदेश में अब डबल इंजन की सरकार है। जिसने छह महीने के कम अंतराल में काम कर के बताया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में साय साय काम हो रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन जिला मीडिया प्रभारी प्रणव शर्मा समदरिया ने किया। इस अवसर पर विजय धर दीवान शंकर दयाल शुक्ला डा तिलक साहू उमेश गौरहा अवधेश अग्रवाल विक्रम सिंह राजेंद्र अग्रहरी अनिल पांडे राजेश सूर्यवंशी निखिल केशरवानी ओमप्रकाश मेहरा रूपाली अनिल गुप्ता हेमंत मरकाम संतोष दुबे पुरुषोत्तम पटेल विष्णु यादव धनंजय त्रिपाठी लक्ष्मी कश्यप जनक देवांगन रामनिवास शास्त्री किशोर बंजारे जीतू साहू दारा सिंह गंगा साहू योगेश्वर दुबे भगवती साहू ओमप्रकाश देवांगन ऋषभ चतुर्वेदी पेशिराम जयसवाल राज कैवर्त्य सोनू धीवर मनीष कौशिक मनीराम ध्रुव राजेंद्र साहू यश देवांगन यास्मीन खान शुशील राव शैल भोई रुक्मणि साहू शकुंतला काछी रेखा सूर्य सुनीता साहू रीना झा धनमत पटेल सहित कार्यकर्ता व मतदाता उपस्थित रहे।



मतदाता अभिनंदन समारोह में शामिल केंद्रीय मंत्री सहित भाजपा नेता।

### निष्ठा से कर्तव्य पूरा करने की हमारी बारीः सुशांत

बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि बेलतरा व पूर्व की सीपत विधानसभा की जनता जिन्होंने अक्सर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में जनादेश देने का काम किया है ज्यादातर मौके पर चाहे वह लोकसभा का चुनाव हो या विधानसभा चुनाव भाजपा प्रत्याशी को ही अपना समर्थन दिया है। प्रतिकूल परिस्थितियों में भी उन्होंने कभी हमें निराश होने नहीं दिया। आपने अपना कर्तव्य पूरे निष्ठा से पालन किया अब हमारी बारी है। क्षेत्र का समुचित विकास हो शासकीय योजनाएं जन जन तक पहुंचे। जनमानस के काम हो यह अब हमारे लिए एक बड़ी चुनौती है जिसे पूरा करने हमारी सदैव ही प्रतिबद्धता रहेगी। मंच पर मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह पूर्व विधायक डा कृष्णमूर्ति बांधी जिलाध्यक्ष रामदेव कुमावत प्रदेश प्रवक्ता हर्षिता पांडे महामंत्री मोहित जयसवाल गुलशन ऋषि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### बिलासपुर लोस के मतदाताओं का अभिनंदनः कौशिक

बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि हम बेलतरा के साथ पूरे बिलासपुर लोकसभा के मतदाताओं का अभिनंदन करते हैं। हम 1996 से लगातार बिलासपुर से भाजपा का सांसद बनाते आए हैं लेकिन इस बार हमारे लोकसभा सदस्य को मोदी जी के मंत्रिमंडल में स्थान प्राप्त हुआ है। यह आप जैसे जागरूक मतदाताओं के परिश्रम का परिणाम है। हम बिलासपुर लोकसभा को लगातार रिकार्ड मतों से जीतते आ रहे हैं। हमारे क्षेत्र के जुझारू कार्यक्रता जिन्होंने हर चुनाव में पार्टी के पक्ष में बेहतर परिणाम दिए हैं। जिन्होंने सांसद दिए विधायको का चुनाव किए महापौर और जिला के प्रतिनिधि दिए। अब आने वाला चुनाव कार्यकर्ताओं का चुनाव है। श्री कौशिक ने कार्यक्रताओं से अपील करते हुए कहा कि आप सब कमर कस लीजिए। आने वाले निकाय और पंचायतों के चुनाव में आपको जनप्रतिनिधि बनाने भाजपा के सभी दिग्गज नेता संघर्ष करेंगे अपनी ताकत झोकेंगे।

---

## पीएम आवास की राशि को लेकर कांग्रेस पार्षदों ने सौंपा ज्ञापन

**तखतपुर।** प्रधानमंत्री आवास की राशि का पैसा कांग्रेस वार्डो में नियमानुसार नहीं डालने पर कांग्रेसी पार्षदों ने एसडीएम और मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं नगर पालिका अध्यक्ष अमरिका कृष्णकुमार साहू को ज्ञापन सौंपकर नियमानुसार राशि नहीं डाले जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

नगर पालिका तखतपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन रहे प्रधानमंत्री आवास का पैसा कांग्रेस पार्षदों के वार्ड में जो आवास बन रहे है उनकी राशि का भुगतान नियमानुसार नहीं किया जा रहा है नगर पालिका के वार्ड क्रमांक पार्षद टेकचंद कारड़ा, परमजीत कौर हूरा, पुष्पा मुन्ना श्रीवास, मुकीम अंसारी, लक्ष्मी यादव ने बताया कि उनके वार्ड में जो सूची प्रधानमंत्री आवास का पैसा डालने के लिए दी गई है उन नामों को काटकर ऐसे नाम जोड़े गए है जिनका प्रधानमंत्री आवास उनके वार्ड में बन ही नही रहा है और नगरपालिका द्वारा जो सूची तैयार की गई है उसमें कुछ नाम ऐसे है जिनके प्रधानमंत्री आवास बनने के स्थान को लेकर प्रश्न चिंह लगा हुआ है कर्मचारीयों द्वारा लापरवाही तरीके से राजनीतिक भेदभाव रखते हुए दूसरे वार्ड के नामों को कांग्रेसी वार्ड क्रमांक 4, 6, 9 , 12 और 15 में नाम जोड़ा गया है जिसमें वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद लक्ष्मी यादव और वार्ड 9 के पार्षद परमजीत कौर हूरा ने नाम बताकर कहा कि ये हितग्राही इनके वार्ड में रहते ही नही है इसके अलावा वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष टेकचदं कारड़ा ने बताया कि उसके द्वारा दी गई सूची में एक भी नाम नही डाला गया है।



पीएम आवास को लेकर ज्ञापन सौंपते पार्षद।

#### दिए गए निर्देश

प्रधानमंत्री आवास की किस्त बिना किसी भेदभाव के डाला जाए इसके लिए सीएमओ को निर्देश दे दिए गए हैं।

-ज्योति पटेल, एसडीएम तखतपुर।

#### खाते में डाली जाएगी राशि

सूची को पुनः अवलोकन कर मांग के आधार पर प्रधानमंत्री आवास की राशि डाली जाएगी। कांग्रेस पार्षदों द्वारा शिकायत की गई है। जांच के बाद ही खाते में राशि डाली जाएगी।

-भूपेश दीवान, सीएमओ तखतपुर।

### उप अभियंता देवांगन निलंबित

**मुंगेली।** नगर पालिका के कार्य में लापरवाही एवं अनुपस्थिति रहने की लगातार शिकायतें, मिलने पर कलेक्टर ने कार्रवाई करते हुए नगर पालिका के उप अभियंता दीपक कुमार देवांगन को निलंबित करने आदेश जारी किया है। मुंगेली नगर पालिका के उप अभियंता दीपक कुमार देवांगन को कलेक्टर ने आदेश जारी कर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। ज्ञात हो कि नगर पालिका के कार्यो को लेकर मंत्री से जनता ने शिकायत की थी। जिस पर मंत्री के निर्देश पर कलेक्टर ने संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारी को उनके विरुद्ध जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। जांच में उक्त शिकायत सही पाया गया। जिसके पश्चात उप अभियंता श्री देवांगन को सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में श्री देवांगन को मुख्यालय नगर पालिका परिषद लोरमी से संबद्ध किया गया है। उक्त अवधि में केवल उन्हें निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

---



### लापरवाही से होते हैं साइबर फ्रॉडः मनु

**सीपत।** इंटरनेट का उपयोग करने वाले लोगों की संख्या हर दिन बढ़ती जा रही है। दूसरी ओर साइबार अपराध भी तेजी से बढ़ रहा है। जब आप साइबर अपराध के बारे में सुनते और पढ़ते हैं, तो आप पूरी तरह से इंटरनेट का उपयोग बंद कर दें यह संभव नहीं है इसके बजाय, इस तरह के साइबर फ्रॉड के प्रति जागरूक रहना अच्छा है। उक्त वक्तव्य बिलासपुर ब्रह्माकुमारीज की मुख्य सेवाकेंद्र द्वारा बीके स्वाति दीदी के मार्गदर्शन पर सीपत स्थित ब्रह्माकुमारी शाखा द्वारा वीरानी पब्लिक स्कूल में साइबर की पाठशाला से अवगत कराते हुई बीके मनु दीदी ने कहा। आगे दीदी ने बताया कि यदि आपने अपने घर की चाबी किसी को दे दी है और आप अपेक्षा कर रहे हैं कि घर में कुछ भी ना हो तो यह बहुत हास्यास्पद बात है। उसी प्रकार से ओटीपी बैंक खाते की चाबी है। कभी भी नहीं देना है। जो बैंक वाले भी आपसे कभी भी ओटीपी नहीं मांगते हैं। किसी भी प्रकार की सूचना व व्यक्तिगत जानकारी जैसे अपनी जन्म तिथि अपना आधार कार्ड आदि इंटरनेट पर साझा करते हैं वह पूरी तरह से डिलीट कर पाना बहुत ही मुश्किल होता है। फ्रॉड वाले आपके व्यक्तिगत जान जानकारी के द्वारा फ्रॉड कर सकता है आपको किसी भी अपराध में फंसा सकता है। इसलिए अपनी कोई भी व्यक्तिगत जानकारी सांझा न करे।

### यूथ कांग्रेस व पेंशनधारी कल्याण संघ ने किया पौधरोपण



**बोदरी।** यूथ कांग्रेस अध्यक्ष सुनील साहू, उप सरपंच सेवर वासु निर्मलकर एवं पेंशन धारी कल्याण संघ शाखा बिल्हा चकरभाठा ने चकरभाठा स्थित साहू समाज के निर्माणाधीन भवन परिसर में पौधरोपण कर संरक्षण एवं देखभाल की जिम्मेदारी ली। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे भी उचित स्थान पर एक पौधा लगाकर पर्यावरण सुधार में योगदान दें। कार्यक्रम आरके मिश्रा, सीबी कुर्रे, सीपी तिवारी, आरसी आंचल, सर्वेश्वर नंदे, जीएल कटाक्वार, आरआर कौशिक, जगदीश श्रीवास, हरिहर नामदेव, प्यारेलाल बंजारे, प्रहलाद साहू, अशोक व्यास ,आरसी शर्मा, केएस रतन, साहू समाज से उपाध्यक्ष संतोष साहू, पार्षद राजा साहू, सिविल ठेकेदार रामकलेश साहू आदि उपस्थित रहे।।

---

### शासन की गाइड लाइन के विरूद्ध परिसीमन का आरोप

# परिसीमन की सूची के चस्पा होते ही मुंगेली नगर की राजनीति गर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

नगर पालिका कार्यालय में परिसीमन की सूची के चस्पा होते ही नगर में राजनीति गर्म हो गई है। मुंगेली जिला, शहर कांग्रेस कमेटी, लोरमी नगर पंचायत, पथरिया नगर पंचायत ने आपत्ति दर्ज करते हुए सूची को शासन की गाइडलाइन के विरुद्ध बताया है। सूची में वार्ड 3, 6, 8, 9, 10, 11 सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। वहीं वार्ड 13, 14, 15 आंशिक रूप से प्रभावित हुए हैं।

नगर पालिका परिषद क्षेत्र के 22 वार्डों में मतदाताओं की संख्या को संतुलित करने के लिए प्रशासन द्वारा परिसीमन कराया गया। जिसकी सूची को नगर पालिका कार्यालय में चस्पा हुआ। कांग्रेस ने संजीत बनर्जी, थानेश्वर साहू, नगर पालिका अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी, शहर अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा, घनश्याम वर्मा, अरविंद वैष्णव, संजय यादव, संपत जायसवाल और अन्य नागरिकों ने परिसीमन पर लिखित आपत्ति दर्ज करते हुए कहा है कि परिसीमन में शासन की गाइडलाइन का उल्लंघन कर अनुसूचित जनजाति के लिये आरक्षित वार्ड में जनसंख्या बदलकर आरक्षण से मुक्त करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने अनुसूचित जनजाति के लिये आरक्षित वार्ड में 200 लगभग नागरिकों को शामिल किया गया। इससे एसटी के लिये आरक्षित वार्ड आरक्षण से मुक्त हो सकता है। वही वार्ड में पहले से ही जनसंख्या पर्याप्त है। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी वार्डो को नियम विरुद्ध तोड़कर अन्य वार्डो में जोड़ा गया है। इसी तरह वार्ड के नागरिकों ने भी परिसीमन का विरोध किया है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि वर्ष 2011 की जनगणना के अनुरूप वार्डों के परिसीमन का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया है। वर्ष 2019 में भी मुंगेली जिला वार्डो का परिसीमन 2011 की जनगणना के अनुरूप किया गया था। इसके बाद ना जनगणना हुई और ना ही ऐसा कोई सर्वे हुआ। जिससे शहर की जनसंख्या में वृद्धि का दस्तावेज प्रमाण है। ऐसे में सिर्फ वाडोंर् की सीमाओं में बदलाव के लिए परिसीमन प्रासंगिक नहीं है। भाजपा विधायक भाजपा नेता के कार्यालय में बैठकर मनमुताबिक वाडोंर् की सीमा निर्धारित कर दी गई है। इससे व्यापक विसंगतियां सामने आ रही हैं।




---

## लुटेरे ने चाकू अड़ाकर 17 हजार सहित एटीएम कार्ड, बाइक ले उड़े

**लोरमी।** ग्राम पीपरखूंटी स्थित छरहा पुल के पास बाइक सवार युवक से तीन अज्ञात लुटेरों ने 17 हजार रुपए नकद एवं पेन कार्ड, एटीएम कार्ड एवं वाहन का आरसी लेकर फरार हो गए। पुलिस अज्ञात लुटेरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

- पीपरखूंटी स्थित छरहा पुल की घटना, पुलिस जांच में जुटी

पुलिस के अनुसार 15 जुलाई को रात 9.30 बजे ग्राम बैगाकापा निवासी विश्वनाथ श्रीवास 29 वर्ष पिता रउमन श्रीवास एवं उसका दोस्त विकास विश्वकर्मा तखतपुर पेट्रोल पम्प से कार्य कर घर लौट रहे थे। ग्राम पिपरखुटी छरहा पुलिया के पास कुछ दो-तीन अज्ञात राहगीरों ने बाइक रूकवाया एवं चाकू अड़ाकर बाइक सवारों से मारपीट करने लगे। बाइक सवारों ने खबराकर पास में रखे 17 हजार रुपए नकद, एटीएम कार्ड, पेन कार्ड एवं बाइक का आरसी उन्हें दे दिया। इसके बाद लुटेरे फरार हो गए। प्राथी ने पहले नजदीक के लालपुर थाने में जीरो में रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसके बाद विभाग ने थाना क्षेत्र लोरमी होने के कारण मामला ट्रांसफर किया। पुलिस ने 17 जुलाई को अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 3089(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।

#### जांच जारी है

बाइक सवार युवकों से लूट की खबर सामने आई है। आरोपियों के खिलाफ जुर्म कायम कर मामले की विवेचना में पुलिस जुट गई है।

-अखिलेश वैष्णव
थाना प्रभारी

## धान खरीदी के नाम पर 10 किसानों से 46 लाख की धोखाधड़ी

**लोरमी।** जिले के लालपुर एवं लोरमी सहित अन्य क्षेत्रों के लगभग 10 से अधिक किसानों से अधिक मूल्य में धान खरीदी का झांसा देकर किसानों के साथ धोखाधड़ी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा है। मामले का मुख्य आरोपी फरार है।

- एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, मुख्य आरोपी फरार

पुलिस के अनुसार 16 जुलाई को लालपुर थाना में ग्राम गुरूवाईनडबरी निवासी यशवंत राज साहू 26 वर्ष पिता लेखराम साहू की रिपोर्ट पर पुलिस ने नबागढ़ क्षेत्र निवासी लीलाराम एवं उसके साथी जित्तू साहू के विरूद्ध अपराध कायम किया। अपराध दर्ज होने के 12 घंटे के भीतर ही लालपुर पुलिस ने एक आरोपी जित्तू साहू को गिरफ्तार कर लिया, एक अन्य आरोपी लीलाराम साहू फरार है। दोनों आरोपी किसानों के गांव जाकर उनसे संपर्क कर अधिक मूल्य देने एवं भविष्य में रकम देने का वादा कर फोन बंद कर फरार हो जाते थे।



पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जित्तू साहू 21 वर्ष पिता खम्महन साहू निवासी ग्राम नेवसा थाना नवागढ़ जिला बेमेतरा के घर मे दबिश देकर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया। प्रकरण में एक मुख्य आरोपी लीलाराम साहू निवासी ग्राम पंचभैईया थाना दाढ़ी जिला बेमेतरा फरार है। दोनों आरोपियों ने साथ मिलकर जिले के लगभग 10 किसानों से कुल 46 लाख की धोखाधड़ी की है। इसके अतिरिक्त उपरोक्त आरोपी के विरूद्ध थाना नवागढ़ जिला बेमेतरा में धारा 420, 34 भादवि का अपराध दर्ज है। उक्त मामले का खुलासा एडीशनल एसपी पंकज पटेल, मुंगेली एसडीओपी श्री घृतलहरे, सालिक राम घृतलहरे, लालपुर थाना प्रभारी लक्ष्मण खुंटे ने किया।

### दंपती सोता रहा, घर में हो गई चोरी

**तखतपुर।** ग्राम लाटा में अज्ञात चोर लगभग 45 हजार रूपए का सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गया। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। सूत्रों के अनुसार जरहागांव थाना अंतर्गत लाटा निवासी संजीत बंजारे पिता गोविंद बंजारे दरवाजा बंद कर रात में सो गए थे गर्मी होने के कारण बच्चें पत्नि के साथ छत में हो गया था। सुबह लगभग 3 बजे नीचे आया तो देखा कि बबूल कांटा रखा हुआ था जिसे हटाकर नीचे गया तो देखा कि दरवाजा खुला हुआ था पत्नि अंजना बंजारे को उठाया और पूछा कि रात को कमरे का दरवाजा खोली थी। अंदर कमरे में जाकर देखा तो आलमारी टूटी हुई थी। आलमारी में रखे सोने चांदी के मंगल सूत्र, 3 लाकेट, चांदी का कर्धन, 2 नग पायल, नगद 5 हजार रूपए नगद अज्ञात चोर चोरी कर ले गया । पुलिस ने रिपोर्ट पर धारा 457, 380 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### किसान के घर से मवेशियों की चोरी

**तखतपुर।** ग्राम पकरिया में कृषक के घर से रात में 11 मवेशी अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर धारा 379 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पकरिया निवासी ओम यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 19 जून को शाम 5 बजे पकरिया तालाब के पास स्थित मेरे घर से 3 नग भैंस, 1 नग पड़िया, 1 नग पड़वा, 1 नग देशी भैंस, 2 नग मुर्रा किस्म की भैंस सहित अन्य मवेशी जिसकी कीमत लगभग 1 लाख रूपए है जिसे अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया है। पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर धारा 379 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### गांजा परिवहन करते तीन गिरफ्तार, बाइक जब्त



**लोरमी।** पुलिस ने गांजा परिवहन करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा है। आरोपियों के कब्जे से बाइक जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की तीन व्यक्ति बाइक क्रमांक एचएफ डिलक्स सीजी 28 पी 5753 में अवैध मादक पदार्थ मसना मसनी की तरफ से लोरमी तरफ परिवहन करते आने वाले हैं। सूचना पर पुलिस की टीम ने ग्राम पैजनिया नहर रोड पर घेराबंदी कर सामने से आ रही बाइक क्र. सीजी 28 पी 5753 को रोककर गणेश रजक पिता पुरन उम्र 24 वर्ष साकिन मटियारी थाना सीपत जिला बिलासपुर , अभिजीत मालिया पिता बिंदा उम्र 21 वर्ष साकिन मटियारी थाना सीपत एवं विद्यानंद शिकारी पिता लोचन उम्र 19 वर्ष साकिन विजयपुर थाना तखतपुर के कब्जें से एक प्लास्टिक झोला में 2 पैकेट मादक पदार्थ गांजा को तौल कर शीलबंद कर मादक पदार्थ गांजा 2.950 किलो ग्राम किमती 18000 हजार रूपये प्रयुक्त मोटर सायकल एचएफ डिलक्स सीजी 28 एवं परिवहन मे प्रयुक्त पी 5753 को जब्त किया।

## कन्या शाला सकोला में कैरियर गाइडेंस एवं काउंसलिंग



**पेंड्रा।** नेशनल फाऊंडेशन फॉर इंडिया एवं नव निर्माण चेतना मंच द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला सकोला जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही में छत्तीसगढ़ कक्षा 12वीं एवं कक्षा 11वीं की छात्राओं के लिए कैरियर गाइडेंस एवं काउंसलिंग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कैरियर गाइडेंस एवं काउंसलिंग कार्यक्रम में दिल्ली यूनिवर्सिटी की शोध छात्रा श्रावणी एवं ला यूनिवर्सिटी की छात्रा रिचा ने संयुक्त छात्राओं को मोटिवेशन एवं गाइडेंस दिया। रिचा मूल रूप से असम की रहने वाली है वही श्रावणी छत्तीसगढ़ के भिलाई की। दोनों छात्राएं इंदिरा गांधी जनजाति विश्वविद्यालय पोडर्की अमरकंटक में इंटर्नशिप करने के लिए आई है तथा उन्होंने अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत आज सकोला विद्यालय पहुंची थी। अपने करियर के संबंध में छात्राओं ने रिचा एवं श्रावणी से सवाल किये।

17 JULY -BSP- pg- 6_Layout 1 7/18/2024 12:17 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### चापड़ लहराकर अशांति फैलाने वाले 3 गिरफ्तार



**बिलासपुर।** चाकू चापड़ लहराकर आने जाने वाले लोगों को डराने धमकाने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली टीआई एसआर साहू ने बताया कि मोहर्रम के दौरान कुछ लड़के हटरी चौक में चाकू, चापड़ लहराकर आने जाने वाले राहगीरों को डरा धमका रहे हैं। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर जूना बिलासपुर हटरी चौक निवासी जुनैद हुसैन पिता जावेद हुसैन 20 साल, अनम हुसैन पिता अलताफ हुसैन 18 साल, अमन हुसैन पिता इकबाल हुसैन 19 साल को पकड़कर चाकू व चापड़ बरामद कर लिया है। उनके खिलाफ पूर्व में कोतवाली थाने में 302, 307, 25, 27 आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज है।

### व्यापारी ने की खुदकुशी दो साल बाद जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** पत्नी व ससुरालवालों की प्रताड़ना से व्यापारी ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। दो साल बाद जांच पूरी होने पर ससुरालवालों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, बृहस्पतिबाजार निवासी जितेन्द्र बजाज की तेलीपारा रोड में जनरल स्टोर थी। 16 जुलाई 2022 की रात उन्होंने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उनकी मां शकुंतला बजाज, भाई संदीप बजाज, सौरभ, सुमित बजाज का बयान लिया गया। उन्होंने आरोप लगाया मृतक की पत्नी लक्ष्मी बजाज ने शादी के बाद अलग रहने का मजबूर किया। उसके बाद अपने पति की दुकान अपने भाई को दिला दी। जितेंद्र बजाज के पारिवारिक मामले में श्याम लालचंदानी दखल करता था और उसकी पत्नी को गोवा घुमाने लेकर गया था। उन्होंने ससुरालवालों की प्रताड़ना से जितेन्द्र के आत्महत्या करने का आरोप लगाया। दो साल बाद जांच पूरी होने पर पुलिस ने मृतक की पत्नी लक्ष्मी बजाज, धीरज, रानी बाई, श्याम लालचंदानी के खिलाफ धारा 306, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### घंटों बिजली बंद होने से लोग परेशान



**बिलासपुर।** जरा सी बारिश होते ही बिजली बंद होने से लोग परेशान हो रहे हैं। बुधवार को दिनभर मौसम साफ था, गर्मी और उमस से लोग हलाकान थे, वहीं शाम को गरज-चमक के साथ जब बारिश शुरू हुई तो बार-बार बिजली बंद से लोग हलाकान होते रहे। बुधवार को जिले का अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री तो न्यूनतमत तापमान 27 डिग्री दर्ज की गई। बुधवार की देर रात तक हल्की बारिश होती रही, जिससे मौसम सुहाना हो गया। मौसम विभाग के अनुसार गुरूवार को भी बारिश की संभावना है।

### सड़क पर मलबा, हो रहा ट्रैफिक जाम



**बिलासपुर।** इन दिनों एक ओर इमलीपारा से पुराना बस स्टैंड सड़क के पास बनी दुकानों को तोड़कर वहां काम्पलेक्स और सड़क का निर्माण कराया जा रहा है, तो दूसरी तरफ शिव टॉकिज चौक जाने वाली सड़क को मिनी गार्डन बनाने का काम कराया जा रहा है। इस बीच आधे से अधिक सड़क पर मलबा डंप कर रख दिया गया है। जिसके चलते वाहन चालक जाम में फंस रहे हैं और लोगों को इस सड़क से आवागमन करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# 62 हजार से अधिक कार्डधारी दो सालों से गायब, सत्यापन कराने नहीं पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर से 62 हजार, रायपुर से 91 हजार और दुर्ग से 71 हजार राशन कार्ड धारी पिछले दो सालों से गायब हैं। यह कार्डधारी बार बार समय सीमा बढ़ाने के बाद भी अपने दस्तावेजों के सत्यापन के लिए नहीं पहुंच रहे हैं। बिलासपुर की बात करें तो कुल 5 लाख 38 हजार 115 कार्ड में से 62099 लोगों ने आधार प्रमाणीकरण के साथ ही दूसरे दस्तावेजों का सत्यापन नहीं कराया है। ऐसे में यह कार्डधारी अब 31 जुलाई के बाद अपात्र माने जाएंगे और इन्हें सरकारी राशन मिलना भी बंद हो जाएगा।

गौरतलब है कि प्रदेश भर में 76 लाख 83 हजार 426 कार्डधारी हैं।

- 31 जुलाई के बाद सरकारी राशन भी मिलना हो जाएगा बंद
- प्रदेश में पांच लाख 99 हजार 701 लोगों ने सत्यापन नहीं कराया

इसमें से पांच लाख 99 हजार 701 लोगों ने सत्यापन के लिए आवेदन ही नहीं किया है। इस तरह पूरे प्रदेश में अभी तक 94.1 प्रतिशत कार्डधारियों का सत्यापन हुआ है। ध्यान रहे कि इसके लिए पिछले करीब दो सालों से लगातार प्रक्रिया राशन दुकानों और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से चल रही है। अब नए राशनकार्ड नगरीय निकायों से बांटने लगे हैं। इसके बाद भी इन राशनकार्ड का नवीनीकरण नहीं हुआ है।

**फैक्ट फाइल**

| जिला | कुल राशन कार्ड | आवेदन शेष |
|---|---|---|
| बिलासपुर | 538115 | 62099 |
| कोरबा | 336315 | 21662 |
| रायपुर | 601735 | 91481 |
| दुर्ग | 472220 | 71063 |
| सरगुजा | 280541 | 28331 |
| रायगढ़ | 331358 | 26078 |

**फैक्ट फाइल**

- जिले में बीपीएल कार्डधारी - तीन लाख 90 हजार 843
- जिले में प्राथमिकता वाले कार्डधारी- दो लाख 97 हजार 832
- जिले में अंत्योदय राशन कार्डधारी- - 88 हजार 413
- जिले में अन्नपूर्णा राशन कार्डधारी- 211
- जिले में निराश्रित कार्डधारी - तीन हजार 774

**अब माने जाएंगे अपात्र**



### सत्यापन में ला रहे तेजी

राशनकार्ड के सत्यापन की गति में तेजी लाने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं। विभाग के एप के माध्यम से भी प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। दुकानों में जाकर भी आसानी से हितग्राही दस्तावेजों का सत्यापन करा सकते हैं।

- **अनुराग सिंह भदौरिया,** खाद्य नियंत्रक

### ग्रामीण इलाकों में ज्यादा सत्यापन

आवेदन जमा नहीं करने की स्थिति वाले इलाकों पर गौर करें तो सबसे बुरी स्थिति नगरीय निकायों की है। यहां 79.19 फीसदी आवेदन प्राप्त हुए हैं। जबकि ग्रामीण इलाकों में 93 प्रतिशत सत्यापन हो चुका है। राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए प्रचार-प्रसार के अलावा मुनादी भी कराई जा रही है। इसके बाद भी करीब लाखों परिवारों ने नवीनीकरण के लिए आवेदन नहीं किया। खाद्य अधिकारियों का कहना है कि राशनकार्ड के सत्यापन की गति में तेजी लाने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं। विभाग के एप के माध्यम से सत्यापन कर सकते है। दुकानों में जाकर भी आसानी से सत्यापन कराया जा सकता है।

### राशन लेने पहुंचेंगे तो देनी होगी जानकारी

अधिकारियों के मुताबिक ऐसे कार्डधारी यदि खाद्यान्न लेने पहुंचेंगे तो उनकी जानकारी विभाग को देने के लिए कहा गया है। विभाग को आशंका है कि यह राशनकार्ड बोगस तो नहीं है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि एक बार कार्ड ब्लॉक होने के बाद जब तक लोग सत्यापन नहीं करते तब तक उनका राशनकार्ड शुरू नहीं होगा।



दीनदयाल कॉलोनी की हर सड़क के किनारे कचरे का ढेर लगा है, इसे उठाने निगम से कोई नहीं आता। वहीं नालियां भी टूट फूट गई हैं, जाम नालियों का पानी सड़क पर बहता रहता है।

### महीनों में एक दो बार सफाई होने के कारण नालियां जाम

# दीनदयाल कॉलोनी में 1600 मकान, निगम से जुड़ने के बाद भी नाली-पानी के लिए जूझ रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मंगला स्थित हाउसिंग बोर्ड की दीनदयाल कालोनी की स्थिति निगम में शामिल होने के बाद भी बदहाल है। स्ट्रीट लाइट बंद होने से रात में कालोनी अंधेरे में डूब जाती है तो सफाई व्यवस्था में पूरी तरह ठप है। महीनों में एक दो बार सफाई होने के कारण नालियां जाम हैं। अधिकांश जगह नाली और चेंबर टूट गए हैं। निकासी का पानी खुले में जमा हो रहा है या तो घरों में घुस रहा है। मोटर जल जाने के कारण पानी सप्लाई बाधित हो रही है। इसे लेकर कालोनीवासियों ने घेराव का ऐलान किया है।

- निकासी का पानी खुले में जमा हो रहा है या तो घरों में घुस रहा

कॉलोनी वासियों का कहना है कि जब मंगला क्षेत्र की यह कॉलोनी नगर निगम में शामिल हुई तो उम्मीद थी कि सब सुविधाएं बेहतर होंगी और जीवन स्तर बढ़ेगा लेकिन इसके उल्टा हो रहा है। बिजली, पानी, सफाई सबकी अनदेखी हो रही है। इससे अच्छा तो कॉलोनी पहले हाउसिंग बोर्ड में ही थी। कॉलोनी वासी का कहना है कि यहां की बुनियादी सुविधाओं को लेकर लगातार निगम और प्रशासन के साथ ही हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों से शिकायत के साथ मांग की जा रही है लेकिन कोई सुनने वाला ही नहीं है। चुनाव से पहले जनप्रतिनिधि बड़े-बड़े दावे करके चले जाते हैं बाद में यहां कोई दुबारा मिलने भी नहीं आता।



मरम्मत नहीं होने से कालोनी के अधिकतर मकान जर्जर हो चुके हैं। वहीं साफ-सफाई नहीं होने से जगह-जगह गंदगी फैली हुई है।

कालोनी में पानी और बिजली की समस्या अधिक है। नाली का पानी घरों में जाता है। कई बार शिकायत कर चुके हैं, कोई ध्यान नहीं देता। - **निखिल कश्यप**

नालियां हमेशा जाम रहती हैं। सफाई कर्मचारी कभी कभार ही दिखते हैं। मोहल्ले के लोग ही कई बार मिलकर खुद से सफाई करते हैं। - **ललित मिरी**



कॉलोनी में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन भी नियमित तौर पर नहीं हो रहा है। कचरे का अंबार कहीं भी देखा जा सकता है। शिकायत की गई है। - **रितेश दुबे**



शापिंग काम्प्लेक्स के साथ ही खाली पड़े कुछ घरों के पीछे हमेशा ही शाम होते ही असमाजिक तत्व पहुंच जाते हैं। शराब, जुआ रोज की बात है। - **विवेक कुमार**



सुविधा कोई नहीं है फिर भी संपत्ति कर वसूला जा रहा है। हाउसिंग बोर्ड की ओर से बनी नालियां और चैंबर रखरखाव के अभाव में टूट चुके हैं। - **योगेश साहू**

### टूटी पाइप लाइन से गंदा पानी घरों में आ रहा

इस हाउसिंग बोर्ड की कालोनी को 15 साल पहले बनाया गया था। यहां 1600 से अधिक मकान हैं जहां 3 हजार से अधिक लोग निवास करते हैं। परिसीमन के बाद 2019 में इसे नगर निगम में शामिल किया गया। इसके बाद भी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी नगर निगम को हैंडोवर नहीं हुई थी। 2021 में राज्य सरकार के आदेश के बाद हाउसिंग बोर्ड ने नगर निगम कॉलोनी का हैंडओवर किया था। इसके बाद कॉलोनी में सुविधा देने का काम नगर निगम का था, लेकिन पिछले 3 सालों में ऐसा कोई काम नहीं हुआ है, जिसे सुविधा के तौर पर गिना जा सके। निगम में शामिल होने से पहले यहां पर पाइपलाइन हाउसिंग बोर्ड की लगी थी जो कि कई जगह से टूट गई है। इसको बदलना तो दूर मरम्मत तक नहीं किया जा रहा है।

### तीन सालों से वसूला जा रहा संपत्ति कर

कॉलोनी की नालियों की सफाई नहीं हो रही है। हाउसिंग बोर्ड की ओर से बनी नालियां और चैंबर रखरखाव के अभाव में टूट चुके हैं। लोगों के घरों से निकलने वाला निकासी का पानी उनके घरों में ही भर रहा है, मजबूरी में लोगों को खुद ही सफाई करनी पड़ती है। दूसरी ओर निगम में शामिल होने के बाद भले ही कॉलोनी में सुविधाएं नहीं हो, लेकिन 2021 से यहां संपत्ति कर जरूर वसूला जा रही है। बकायदा इसके लिए मुनादी भी कराई जाती है। साथ ही चेतावनी भी दी जाती है समय पर संपत्ति कर जमा नहीं करने पर पेनाल्टी भी लगाई जाएगी।

### शाम होते ही अंधेरा, असामाजिक तत्वों का अड्डा


शाम होते ही कालोनी में अंधेरा पसर जाता है। यहां की सभी स्ट्रीट लाइट हाउसिंग बोर्ड द्वारा लगाई गई थी जो कि खराब हो गई हैं। निगम की ओर से एक भी लाइट नहीं लगाई गई है। कॉलोनी में प्रवेश करने के साथ ही अंतिम छोर तक अंधेरा रहता है। कॉलोनी में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन भी नियमित तौर पर नहीं हो रहा है। कालोनीवासियों के मुताबिक शापिंग काम्प्लेक्स के साथ ही खाली पड़े कुछ घरों के पीछे हमेशा ही शाम होते ही असमाजिक तत्व पहुंच जाते हैं। शराब, जुआ के साथ नशी इंजेक्शन कभी भी देखे जा सकते हैं। बगल में बाजार लगता है। वहां तो दिन रात शराबखोरी होती है।

### वाहन चोरी और जाम से बचने रेलवे परिक्षेत्र की 5 सड़कों को नो-पार्किंग जोन बनाया गया

# रेलवे परिक्षेत्र के नो-पार्किंग जोन में खड़ी गाड़ियों पर कार्रवाई

**बिलासपुर।** रेलवे परिक्षेत्र की पांच सड़कों को नो पार्किंग जोन बना दिया गया है। रेलवे प्रबंधन ने बुधवार को पहले ही दिन यहां खड़ी होने वाली गाड़ियों को जब्त कर जुर्माना लगाया। <B> रेलवे क्षेत्र में लगातार वाहनों की चोरी और सड़क पर गाड़ियों की पार्किंग के चलते जाम लगने की शिकायत मिल रही थी। ऐसे में रेलवे प्रबंधन ने क्षेत्र की पांच सड़कों को नो-पार्किंग जोन घोषित कर दिया और बुधवार से इन सड़कों पर वाहन खड़े करने वालों पर कार्रवाई भी शुरू कर दी। पहले दिन रेलवे के टीम ने 2 कार को लॉक कर दिया, वहीं कई टूव्हीलर्स मोटरसाइकिल को टोविंग वेन से यार्ड ले गए जहां जुर्माना लगाने के बाद इन वाहन चालकों को समझाइस देने के बाद छोड़ा गया।

रेलवे के सीनियर डीसीएम अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि बेहतर यातायात व्यवस्था के साथ ही एकीकृत सुरक्षा प्रणाली के लिए जीरो गेट से स्टेशन चौक, आरक्षण कार्यालय भवन से चुचुहियापारा आरयूबी तक, स्टेशन चौक से तितली चौक और रेल्वे कोच रेस्टोरेन्ट से महेश स्वीट्स तक घोषित नो पार्किंग जोन में खड़ी वाहनों पर विधिवत कार्रवाई की शुरुआत की गई। वाणिज्य विभाग के स्पेशल सेल ने नो पार्किंग जोन में खड़ी 2 कार को वहीं लॉक किया तो टोविंग वैन से मोटर साइकिल उठाकर टीआरडी ऑफिस के पास ले जाया गया, जहां विधिवत कार्रवाई की गई।





### 200 से 500 रूपए लगा रहे जुर्माना

रेलवे वाणिज्य विभाग के स्पेशल सेल सदस्यों द्वारा पिछले 10 दिनों से मोबाइल वैन से घूम-घूम कर नो पार्किंग जोन में वाहन नहीं रखने की समझाइश दी जा रही थी। यात्रियों और उनके परिजन को स्टेशन आने के दौरान अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थलों में वाहन खड़ा करने कहा जा रहा था। इसके बाद भी यदि कोई नो-पार्किंग जोन घोषित सड़क पर वाहन रखता है तो दो पहिए का 200 और 4 पहिए में 500 रूपए जुर्माना लगाया जाएगा।

### दूसरे दिन भी सीसीटीवी फुटेज खंगालती रही पुलिस

# गिरोह ने दो माह में 8 जिलों की ज्वेलरी शॉप में की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर/सीपत

पेशेवर गिरोह ने दो महीने में प्रदेश के 8 जिलों की ज्वेलरी शॉप में बड़ी चोरियों को अंजाम दिया है। पांच जिले की पुलिस पेशेवर नकाबपोश चोरों को नहीं पकड़ पाई। वहीं गिरोह ने सीपत की ज्वेलरी शॉप से 35 लाख के जेवर चोरी कर पुलिस की चुनौती और बढ़ा दी। पुलिस 6 टीम अलग अलग दिशाओं में जांच कर सीसीटीवी फुटेज खंगालने में लगी हुई है। बहरहाल दूसरे दिन भी पुलिस गिरोह का सुराग नहीं लगा पाई है।

- पुलिस की 6 टीम अलग अलग दिशाओं में कर रही जांच

सूत्रों के अनुसार, नकाबपोश गिरोह पिछले दो महीने से छत्तीसगढ़ में सक्रिय होकर ज्वेलरी शॉप को निशाना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दे रहा है। पूर्व में गिरोह द्वारा बेमेतरा, महासमुंद, राजनांदगांव, कवर्धा, डोंगरगढ़, रायगढ़, रायपुर की ज्वेलरी शॉप में बड़ी चोरी वारदात को अंजाम दे चुके हैं। वहीं बिलासपुर में चकरभाठा क्षेत्र के हिर्री माइंस चौक के पास ज्वेलरी दुकान से 9 लाख व तखतपुर की ज्वेलरी शॉप से 5 लाख के जेवर चोरी किए गए। 8 जिलों की पुलिस पेशेवर गिरोह का सुराग लगा पाने में नाकाम साबित हो रही है। दरअसल सोमवार की रात 2.30 बजे उक्त गिरोह सीपत मेन रोड स्थित दामोदर प्रसाद गुप्ता के सराफा दुकान में धावा बोलकर 35 लाख के सोने चांदी के जेवर व नकद रकम चोरी कर लिया। वहीं संचालक के कार में लाठी व पत्थर से हमलाकर आसानी से भाग निकले। एसपी रजनेश सिंह ने पेशेवर चोर गिरोह को पकड़ने एडीशनल एसपी अर्चना झा के नेतृत्व में सीपत पुलिस व एएसीसीयू की 6 जांच टीम बनाई गई है। सभी टीम अलग अलग दिशाओं में पेशेवर गिरोह का सुराग लगाने में लगी हुई। दूसरे दिन भी पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने में लगी हुई थी।

### नहरपारा में मिला खाली डिब्बा, रेपर

दूसरे दिन जांच के दौरान पुलिस को नहरपारा रोड पर चोरी गए जेवर के खाली डिब्बे और रेपर मिला है। ज्ञात हो कि चोरी करने के बाद नकाबपोश कार में हमला करने के बाद नहरपारा रोड की ओर से भागे थे। भागने के बाद नकाबपोश नहरपारा में रूककर जेवर निकालकर डिब्बा व रेफर छोड़कर भाग गए।

### जांच की जा रही

एसपी के निर्देश पर जांच के लिए पुलिस की 6 टीम बनाई गई है। सभी अलग अलग दिशाओं में जांच कर रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है। शीघ्र ही चोरी करने वाले नकाबपोश गिरोह को पकड़ लिया जाएगा।

-**अर्चना झा,** एडीशनल एसपी ग्रामीण



### आईजी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

बुधवार को आईजी डा. संजीव शुक्ला ने सीपत जाकर सराफा दुकान का निरीक्षण किया और संचालक से घटना की जानकारी ली। उसके बाद सीपत थाना जाकर जांच अधिकारियों से अब तक की गई जांच की समीक्षा की। उन्होंने जांच अधिकारियों को नकाबपोशों को पकड़ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### 270 मीटर एल्युमीनियम तार सहित युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सरकण्डा क्षेत्र से बिजली खंभा से 270 मीटर एल्यूमीनियम तार चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, बिजली विभाग के कनिष्ठ अधिकारी राकेश राठौर ने रिपोर्ट लिखाई। 33 केवी पावर ग्रीड फीडर लाइन बिजौर, बहतराई, खमतराई के बिजली खंभा से 270 मीटर एल्युमीनियम तार काटकर चोरी कर लिया गया है। पुलिस उनकी रिपोर्ट पर चोरों के पतासाजी में जुट गई थी। मुखबिर की सूचना पर बहतराई निवासी मुकेश साहू पिता संतोष साहू 33 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर उसने तार चोरी करना स्वीकार कर लिया है। उसकी निशानदेही पर तार बरामद कर लिया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152